www.cvru.ac.in

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU विद्या एवं देशसेवा DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

## Chhattisgarh, Bilaspur
AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED **"A" GRADE** BY NAAC







## TRANSFORM YOUR DREAMS INTO REALITY @ CVRU

## PROGRAMMES OFFERED

### FACULTY OF ENGINEERING & TECH.

**B.Tech.**
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Comm. Engg
- Computer Science Engg.
- Electrical & Electronics Engg.

**Polytechnic Diploma**
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

**M. Tech.**
- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engg.
- Production Engineering
- VLSI • Software Engg.

**UG Diploma in Fire Safety Management**

### FACULTY OF MANAGEMENT

**BBA | MBA**

**PGDBM**

### FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES

**B.Pharm** - (4-Year Course)

**D.Pharm** - (2-Year Course)

**M.Pharm** - (2-Year Course)

**UG Nutrition & Dietetics**

### FACULTY OF EDUCATION

**B.Ed. | M.Ed**



- B.Com. | M.Com.
- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)
- B.Sc. | M.Sc. | P.G.D.R.D.
- B.P.E.S | M.P.E.S
- B.A. | M.A. | B.J. | M.J.
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

### SPECIAL FEATURES AT CVRU CHHATTISGARH

- Fully Automated Library with KOHA Software, integrated with RFID System
- Smart Classrooms with smart boards
- Research-oriented environment with ultra modern facilities
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Fulfil civic and social responsibility through NSS, NCC, UBA & Social outreach activities
- Herbal Medicinal Garden & Raman Greens
- Hostel Facilities
- Transport Facilities

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

- Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956
- The AICTE (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- The NCTE (National Council for Teacher Education) has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- The BCI (Bar Council of India) has approved the B.A.LL.B., L.LB., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)
- The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)
- The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

Hostel and Transport amenities will be granted to those who **applies First**

### OUR RECRUITING COMPANIES PARTNER

wipro | vedanta | BAJAJ FINSERV | ICICI Bank | SGS | Reliance Retail | Paytm | Reliance Jio | vivo | CMC | Justdial | kotak Kotak Mahindra Bank | Apollo Hospitals | MANAPPURAM FINANCE LIMITED | Deloitte. | INMOVIDU | KRISHNA MARUTI LTD. | binomial | ICICI PRUDENTIAL | collegedunia | Fullerton India | BYJU'S The Learning App | IndusInd Bank | INVESTOSURE | ESAF SMALL FINANCE BANK | airtel Bharti Airtel Limited | Birla Sun Life Insurance | BuildMate

**ADMISSION HELPLINE:**
**6261-900581/82**

Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.), Phone: +91-7753-253801
Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPRAYAS

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 15 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-26 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### बारामूला मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में चल रही मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को ढेर किया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। चक टापर क्रेरी पट्टन तिलवानी मोहल्ले में गोलीबारी शुरू हो गई, जब संयुक्त बलों की एक टीम ने एक खाली इमारत में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। चल रहे ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और समूह संबद्धता का तत्काल पता नहीं चला है।

### गहलोत, माकन और बाजवा हरियाणा विस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहलोत, माकन और बाजवा को तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया 10 अक्टूबर को पूरी होगी।

### आईसीएमआर ने मानव परीक्षण के लिए किए समझौते

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने दवाओं और टीकों के मानव चरण-प्रथम के नैदानिक परीक्षणों के लिए उद्योग और शैक्षणिक संस्थान के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि देश में नैदानिक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने अपने चरण प्रथम के नैदानिक परीक्षणों के लिए कई संगठन के साथ समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया है।

# मुख्यमंत्री साय का ऐलान, अब हिन्दी में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिन्दी दिवस पर बड़ी घोषणा करते हुए राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में हिन्दी में भी पढ़ाई शुरू करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था भी हम हिंदी में करेंगे। इस साल के प्रथम सत्र 2024-25 में एमबीबीएस की पढ़ाई की सुविधा हिंदी में भी उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्र छात्राओं की संख्या अनुरूप आवश्यक पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी दिवस की सार्थकता इस बात में है कि हम शासन प्रशासन और शिक्षा के हर स्तर पर हिंदी को लागू करें, हिंदी को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा हमें इस बात की खुशी है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2022 को उत्तरप्रदेश के उन्नाव की रैली में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर की थी, हम उसका क्रियान्वयन करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय हैं। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने का सबसे अधिक लाभ हमारे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को होगा जो अधिकतर हिंदी मीडियम से होते हैं जो प्रतिभाशाली होते हैं लेकिन अंग्रेजी की वजह से उन्हें चिकित्सा पाठ्यक्रम में कुछ दिक्कत आती है। अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इससे चिकित्सा छात्र छात्राओं का आधार भी मजबूत होगा और अच्छे चिकित्सक तैयार करने में इससे अधिक मदद मिलेगी। मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने का यह सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इससे विषय की बारीक समझ बनती है। इसे हम छत्तीसगढ़ में हर स्तर पर कार्यान्वित करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

## प्रधानमंत्री के किसान हितैषी फैसलों का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा : साय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के साथ ही किसान हित में लगातार निर्णय ले रहें है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने के साथ ही खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी एवं प्याज के निर्यात शुल्क में कमी करने का निर्णय का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वागत करते हुए कहा है कि इसका फायदा निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विष्णु देव साय ने देश के अन्नदाता किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क को हटाने, खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के साथ ही प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। केन्द्र सरकार ने रिफाइन ऑयल के बेसिक ड्यूटी को 32.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से निश्चित रूप से सोयाबीन, बासमती, प्याज, सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली के उत्पादक किसानों के आय में वृद्धि होगी। इसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा। उनके उपज की बाजार में और अधिक मांग बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे श्रीबालाजी अस्पताल विधायक सम्पत अग्रवाल के स्वास्थ्य की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के श्रीबालाजी अस्पताल पहुंचकर उपचार के लिए भर्ती बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उनसे मिलने तत्काल अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से विधायक सम्पत अग्रवाल के इलाज की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अग्रवाल को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दी।

## मोदी वंशवादी राजनीति के बारे में बात करने को मजबूर : उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर/वार्ता।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास कहने के लिए और कुछ नहीं बचा है इसलिए वह 'वंशवादी राजनीति' के बारे में बात करने के लिए मजबूर हैं। अब्दुल्ला ने दक्षिणी कश्मीर में संवाददाताओं से कहा, अंतिम निर्णय जनता करेगी, जब वे विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए बाहर आयेंगे। आइए देखें कि प्रधानमंत्री के शब्दों से लोग कितना प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा, उनके पास कहने के लिए क्या और कुछ बचा है? उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कुछ भी नहीं किया है। कोई नयी परियोजना नहीं आयी है। आज जो भी परियोजनाएं चल रही हैं, वे पिछली सरकारों की वजह से है। हमें इस सरकार से कुछ भी नया नहीं मिला, खास तौर पर पिछले पांच सालों में।

## उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद शाह को देना चाहिये इस्तीफा : संजय सिंह

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे तत्काल इस्तीफे की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुक्रवार को केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत देते वक्त जो बातें लिखी, उसे यह साबित होता है कि उनकी गिरफ्तारी के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शाह का कुचक्र था। शीर्ष अदालत के फैसले से यह साबित हो चुका है। हम लोग जो बातें पहले दिन से कहते आ रहे हैं, न्यायालय ने भी उन्हीं बातों का उल्लेख किया। भाजपा और शाह का उद्देश्य केजरीवाल की राजनीति और आप को खत्म करना, विधायकों की तोड़फोड़ और सरकार को गिराना है। सिंह ने कहा कि यह लोग हमें दिल्ली, पंजाब और दिल्ली नगर निगम में नहीं तोड़ पाए और लाख कोशिशों के बाद भी हमारी सरकार नहीं गिरा पाए, जबकि हमारे सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया। हमारे नेताओं को जेल में डालने के पीछे सिर्फएक मकसद हमारे नेताओं को झुकाना था।

## आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है भारत का कृषि दृष्टिकोण

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने कहा है कि उसका कृषि दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है और किसानों की समृद्धि बढ़ाता है। ब्राजील के कुइआबा में आयोजित तीन दिन की जी-20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता देता है। भारतीय कृषि दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है। किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है और विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है। उन्होंने बताया कि भारत खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने के लिए विश्व के सबसे बड़े खाद्य-आधारित सुरक्षा कार्यक्रमों को लागू कर रहा है। भारतीय प्रतिनिधि मंडल में ब्राजील में भारत के राजदूत सुरेश रेड्डी और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव फ्रैंकलिन एल. खोबंग शामिल रहे। यह बैठक 12 से 14 सितंबर तक आयोजित की गई। ठाकुर ने सतत और समृद्ध भविष्य के लिए मज़बूत कृषि प्रणाली विकसित करने में भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने विकासशील और अल्प विकसित देशों को विशेष महत्व देने को भी रेखांकित किया, जो भारत और अन्य देशों में छोटे और सीमांत मछुआरों को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक व्यापार चर्चाओं में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिये महत्वपूर्ण है। बैठक में वैश्विक कृषि के प्राथमिकता वाले चार प्रमुख क्षेत्रों कृषि और खाद्य प्रणालियों की उनके विविध आयामों में सततता, खाद्य सुरक्षा और पोषण में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाना, सतत, सहिष्णु और समावेशी कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में पारिवारिक कृषि, छोटे किसानों, स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों की आवश्यक भूमिका को बढ़ाना, तथा स्थानीय और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में सतत मत्स्य पालन के एकीकरण को बढ़ावा देना शामिल है। मंत्रिस्तरीय सत्रों के अलावा, ठाकुर ने अन्य देशों के साथ भारत के कृषि संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने वैश्विक खाद्य प्रणालियों के सम्मुख आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक वैश्विक प्रयासों में सहयोग करने, सीखने और योगदान देने में भारत की तत्परता दोहराई। ठाकुर ने ब्राजील को जी-20 की सफल अध्यक्षता तथा भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत शुरू की गई पहलों को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी।

## सरकार ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि की

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




सरकार ने विदेशों से मंगाये जाने वाले कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है, जिससे सस्ते तेलों के आयात पर अंकुश लगने की उम्मीद है। भारत के राजपत्र में वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल्य सीमा शुल्क (बीसीडी) की दर शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गयी है। इसी तरह रिफाइंड पाम ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क की दर 12.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गयी है। शुल्क की दरों में इन संशोधन से इन कच्चे खाद्य तेलों पर प्रभावी आयात शुल्क 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 27.5 प्रतिशत और इनके रिफाइंड माल पर शुल्क की प्रभावी दर 13.75 प्रतिशत से बढ़कर 35.75 प्रतिशत हो जायेगी। खाद्य तेलों पर बीसीडी की नयी दरें आज से प्रभावी हो गयी हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार ने बासमती और प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य की शर्त समाप्त की है ताकि इनका निर्यात बढ़े। इसी तरह खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से इनका आयात कम होगा और भारतीय किसानों को उत्पादन और बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। तेल उद्योग का कहना है कि खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से तेल की खुदरा कीमतों में कोई विशेष वृद्धि होने की संभावना नहीं है।

## किसान हितैषी नरेन्द्र मोदी सरकार : शिवराज सिंह

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं? और कृषि तथा किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। चौहान ने यहां कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। अन्य मदों को जोड़ने पर कुल प्रभावी शुल्क 27.5 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से सभी तिलहन किसानों ख़ासतौर से सोयाबीन और मूँगफली के किसानों को अच्छे भाव मिलेंगे जिनकी फसल अभी बाज़ार में आने वाली है। साथ ही रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी होगी और सरसों की फसल के भी अच्छे दाम मिल पायेंगे। चौहान ने कहा कि इस निर्णय से सोया खली का उत्पादन बढ़ेगा और उसका निर्यात हो सकेगा। साथ ही, सोया से जुड़े अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के प्रति संवेदनशील मोदी सरकार ने बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क को हटाने का निर्णय भी लिया है। निर्यात शुल्क के हट जाने से बासमती उत्पादक किसानों को अपनी उपज के उचित दाम मिलेंगे और बासमती चावल की मांग बढ़ने के साथ ही निर्यात में भी वृद्धि होगी। किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने रिफाइन ऑयल के लिए मूल शुल्क को 32.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से रिफाइनरी तेल के लिए सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग बढेगी। चौहान ने कहा कि किसानों को इन फसलों के बेहतर दाम मिल सकेंगे। साथ ही, छोटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिफइनरी बढ़ने से वहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से कम कर 20 प्रतिशत कर दिया है। निर्यात शुल्क के कम हो जाने से प्याज उत्पादक किसानों को प्याज के अच्छे दाम मिलेंगे और प्याज का निर्यात भी बढ़ेगा।

## सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

# राजभाषा हिंदी के 75 वर्ष पूरे होने पर स्मारक डाक टिकट जारी

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




देश में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है जो हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाए जाने की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। राजभाषा की हीरक जयंती के रूप में जाना जाने वाला यह अवसर 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय की याद दिलाता है, जब देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में नामित किया गया था। गृह मंत्रालय के अधीन राजभाषा विभाग ने 1975 में अपनी स्थापना के बाद से ही सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के सम्मान में शाह ने 14 सितंबर 2024 को यहां एक स्मारक डाक टिकट का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं उत्तरी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने कहा, आज हिंदी भाषा के भारत की राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर शाह ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह टिकट भारत की संस्कृति और इतिहास को आगे बढ़ाने में हिंदी भाषा के योगदान का जश्न मनाता है और एक नए एवं विकसित भारत के निर्माण में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डालता है। मुझे विश्वास है कि यह टिकट हमें देश और दुनिया भर में एकता और शांति सुनिश्चित करने में 'हिंदी' के महत्व की याद दिलाता रहेगा। जय हिंद! डाक विभाग की ओर से यह स्मारक डाक टिकट देश को एकजुट करने और विविध भाषाई समुदायों की सेवा करने में हिंदी की स्थायी भूमिका के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह पिछले 75 वर्षों में देश के प्रशासनिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में हिंदी की महत्वपूर्ण यात्रा का जश्न मनाता है।

### किसानों को फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढा रही है सरकार : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, किसान हित सर्वोपरि रखते हुए मोदी सरकार ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं – पहला प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाना और निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से 20 प्रतिशत करना। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। दूसरा सरकार ने बासमती चावल पर भी निर्यात मूल्य समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे बासमती चावल के उत्पादक किसान इनका निर्यात करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। तीसरा सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5 प्रतिशत से 32.5 प्रतिशत बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75 प्रतिशत से 35.75 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी : प्रधानमंत्री मोदी

वार्ता ✓ जम्मू
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी और आगामी विधानसभा चुनाव यहां का भविष्य तय करेंगे। मोदी ने डोडा जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अपनी दुकानें चलाने के लिए नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस ने पिछले सात दशकों से जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया। विदेशी ताकतों के लिए आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर एक आंख की किरकिरी बन गया, जिसके कारण साजिशें रची गयी। उन्होंने कहा, परिवार के वंश ने शासन किया और जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसी पार्टियां कभी भी जम्मू-कश्मीर के लोगों को सशक्त नहीं बनाना चाहती थीं, लेकिन भाजपा ने चुनावों के जरिए पंचायतों को मजबूत करके जमीनी स्तर पर लोकतंत्र सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, अट्ठारह सितंबर से शुरू होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर के युवाओं और तीन पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। किश्तवाड़ से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया क्योंकि उन्हें आतंकवादियों ने मार डाला था। हमने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया और वह आतंकवाद के खिलाफ हमारा हथियार हैं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी। तथा भाजपा ही इसे राज्य का दर्जा बहाल करेगी।

## जयशंकर जिनेवा में अपने स्विस समकक्ष से बातचीत की, एफटीए पर चर्चा

एजेंसी ✓ जिनेवा/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस. जयशंकर, स्विट्जरलैंड के जिनेवा के दौरे पर थे, ने स्विस विदेश मंत्री इग्नाज़ियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ बातचीत की, इस दौरान दोनों ने भारत और ईएफटीए राज्यों के बीच मुक्त व्यापार समझौता पर चर्चा की। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए राज्यों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लीख्टेनश्टाइन ) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान देने के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक, टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस के साथ बातचीत की। उन्होंने बहुपक्षवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण, मानवाधिकारों पर भारत के दृष्टिकोण, वर्तमान वैश्विक मानवाधिकार स्थिति और मानवाधिकार पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने के उपायों को साझा किया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य में सहयोग को गहरा करने और विश्व स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। विदेश मंत्री ने जेनेवा में नवनिर्मित भारत के अत्याधुनिक स्थायी मिशन को समर्पित किया।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनांतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनांतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार समारोह मांगलिक भवन (डॉ भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज) सिविल लाईन बलौदाबाजार में 11 सितम्बर 2024 को कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी व मनीलाल ब्राम्हणी जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर एवं अध्यक्षता माननीय टंकराम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छ.ग शासन विशिष्ट अतिथि सनम जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष, विजय केशरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाईड, सुमन वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, कृष्णा अवस्थी भाजपा जिला महामंत्री, अशोक जैन पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार, टेसूलाल धुरंधर शिक्षाविद् एवं खोडस राम कश्यप शिक्षाविद् उपस्थित थे। शिक्षादूत पुरस्कार समारोह के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र का पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई। विभागीय प्रतिवेदन का वाचन कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा किया गया। जिसमें कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि वर्ष 2023-24 में कक्षा दसवीं के एक व बारहवीं की चार कुल पांच छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान दर्ज कराकर जिले को गौरवान्वित की है। आगे इस क्रम को बनाये रखने जिले के स्कूल शिक्षा विभाग संकल्पित है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनांतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार जिले के पांच विकासखण्डों के शासकीय प्राथमिक शालाओं में कार्यरत पन्द्रह शिक्षकों को पांच हजार रूपये के चेक, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही शिक्षा सत्र 2023-24 में हाई एवं हायर सेकेण्डरी की माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले 05 संस्था के प्राचार्यो, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखण्ड के दो-दो संकुल शैक्षिक समन्वयकों एवं शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार करने वाले 04 शिक्षकों को शॉल, श्रीफल भेंटकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टंकराम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छ.ग शासन ने चाणक्य का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षक चाहे तो इतिहास बदल सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पुरस्कृत शिक्षकों के दायित्व बढ़ जाती हैं इन्हे बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। इस अवसर पर लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी बघेल, डोमन वर्मा, आलोक अग्रवाल नरेश केशरवानी, सहायक संचालक आर.के. शर्मा, बी.आर.पटेल, के.एस.मरावी, के.के.गुप्ता, सहायक कार्यक्रम समन्वयक एम.एल.साहू, जहीर अब्बास, खिलावन वर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के.एन.वर्मा, राजेन्द्र टण्डन, एस.के. गेन्डले, श्रीराम पाल, रमाकांत देवांगन, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक अविनाश तिवारी, जीवन लाल जोशी, प्राचार्य बी.सिंह, एन.पी.साहू, एच. एस. जोशी, अरविन्दर कौर, ऋतु शुक्ला, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, भास्कर देवांगन, मुन्ना नेताम, संकुल शैक्षिक समन्वयक विक्रम राय, सेवाराम वर्मा, गुरूदयाल कैवर्त्य, गोवर्धन वर्मा, हरीचंद साहू, अजय कुमार साहू, शिवकुमार वर्मा, बिसाहू राम यादव, कमलेश कुमार ध्रुव, मनीष कुमार मैती, भूपेन्द्र कुमार साहू, सुरेन्द्र कुमार बंजारे, सतीश कुमार भारद्वाज, गंगाप्रसाद बंजारे, उदय पाल जांगड़े, शैलेन्द्र पटेल, रामरतन सिंह कंवर, अरूण कुमार साहू सहित योगेन्द्र कुमार साहू, सूरज कसार, तिलक राम वर्मा, डीलूराम साहू, मोहित राम साहू, कमलनाथ पटेल, केशव प्रसाद चन्द्रा आदि सहित 150 अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक व विभिन्न शालाओं के 400 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन के.एस. तिवारी प्राचार्य एवं गोपाल वर्मा संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा किया गया।

# जैन समाज पर्यूषण पर्व का सातवां दिन 10 लक्षण पर्व का उत्तम दिन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार जैन समाज पर्यूषण पर्व का सातवां दिन 10 लक्षण पर्व में सातवां दिन उत्तम तप का दिन कहलाता है उत्तम तप से अभिप्राय यह है, तप जीव को आध्यात्मिक उत्थान की ओर ले जाने का एक सरल माध्यम है। श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य इंद्र कुमार दिलीप जैन विदित जैन को प्राप्त हुआ दिलीप जैन जी नये मंदिर निर्माण के अध्यक्ष भी हैं और उनके सानिध्य में मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। प्रथम चार कलश से श्री जी का अभिषेक करने का सौभाग्य, दिनेश निश्चल जैन, दिलीप विदित जैन, भव्या परख जैन (सुभाष जैन) रवि जैन को प्राप्त हुआ। महा आरती करने का सौभाग्य जैन मैना सुंदरी ग्रुप को प्राप्त हुआ। शांति धारा में खास बात या रही कि स्वयं इंद्र कुमार और उनके चारों बेटों ने एक साथ श्री जी के शांति धारा की इंद्र कुमार ने तप धर्म के माध्यम से एक प्रण लिया कि वह चारों रस का आजीवन त्याग करते हैं । इंद्र कुमार जी ने कहा, तप तपस्या के साथ-साथ जीवन भी एक तप है जो हमें फर्श से अर्श तक ले जाता है। रात्रि में पंडित मनोज शास्त्री के प्रवचन से जैन समाज बहुत प्रभावित हो रहा है और इससे नए बच्चों में धर्म के प्रति रुझान बढ़ रहा है। रात में महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया जा रहा है जिसमें बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ।

# हाईवा वाहन से बैटरी चोरी करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



12 सितंबर को नरेश सिंह द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 11 सितंबर को रात्रि 09.00 बे लगभग रिसदा बाईपास में जैन ट्रांसपोर्ट ऑफिस के सामने अपनी हाईवा वाहन को खड़ी कर खाना खाने चला गया। खाना खाकर वापस रात में लगभग 10:00 बजे आया तो हाइवा वाहन में लगे 02 नग एक्साइड एक्सप्रेस कंपनी का बैटरी नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 606/2204 धारा 303(2),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैटरी चोरी करने वाले 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से गहन पूछताछ पर आरोपियों द्वारा उक्त ट्रक से बैटरी चोरी करना स्वीकार किया, साथ ही पूछताछ में यह महत्वपूर्ण तथ्य भी सामने आया कि- दोनों आरोपी आपस में दोस्त है तथा अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए रात में स्कूटी वाहन में घूमते हुए सड़क किनारे खड़ी ट्रक की बैटरी चोरी करने का काम करते हैं। इससे पूर्व भी आरोपियों द्वारा रोड किनारे खड़े ट्रक से बैटरी चोरी कर उसे बलौदाबाजार नगर में ही एक दुकान में बेचकर उससे, मिले पैसों को आपस में बांट लिया गया था। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों से चोरी का 02 नग EXIDE EXPRESS बैटरी कीमत ?15000 बरामद किया गया है। सांथ ही घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन, बैटरी चोरी में इस्तेमाल औजार पलाश एवं पेचकश भी जप्त किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 13.09.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम संतोष उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छोटे छुईहा थाना सिटी कोतवाली, लालू प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम छोटे छूईहा थाना सिटी कोतवाली।

# भाजपा संभागीय प्रभारी ने सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र प्रभारियों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगर के सिमरन पैलेस में भाजपा सदस्यता अभियान के संबंध में संभागीय प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने सरायपाली विधानसभा के चारो मंडलों के शक्ति केन्द्र प्रभारियों की आवश्यक बैठक ली एवम भाजपा सदस्यता अभियान को तीव्र गति प्रदान करने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में संभागीय प्रभारी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसारिया, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा शामिल रहे । उक्त बैठक में ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक, महिलामोर्चा जिला महामंत्री पुष्प लता चौहान, बलौदा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहु, केजुआ मंडल अध्यक्ष संजय डडसेना, भंवरपुर मण्डल अध्यक्ष विद्या चौधरी, मंडल महामंत्री प्रमोद सागर के साथ चारो मंडलों के महामंत्री, सदस्यता अभियान मण्डल प्रभारी एवम शक्ति केन्द्र प्रभारी उपस्थिति रहे।

# धर्मान्तरण ने परिवार में डाली दरार, पटेल मरार समाज हो रहा प्रताड़ित



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लवन थाना के अंतर्गत लॅच्छनपुर गाँव में धर्मान्तरण के कुचक्र में फंस कर एक पूरा परिवार तबाह हो गया गाँव के ही रहने वाले महेंद्र कुमार पिता पंचराम पटेल ने पटेल मरार समाज के प्रमुख व्यक्तियों विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी जिला मंत्री राजेश केशरवानी के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज की जिसमे कहा गया है की दानीराम पटेल ऋतु पटेल भागवत पटेल मेरे रिश्तेदार हैं जिन्हे बटवारे में घर के आँगन में भी हिस्सा मिला है जिसमे एक शिवलिंग 2003 से स्थापित है जिसका चबूतरा छोटा होने के कारण चबूतरे को 2009 में बड़ा किया गया तथा गाँव एवं समाज के लोगों के द्वारा भी शिवरात्रि में वहां भव्य पूजा पाठ का आयोजन प्रतिवर्ष लगातार 15 वर्षों से चला आ रहा था फिर अचानक 8 अप्रैल 2021 को दानीराम एवं भागवत के कहने पर ऋतु पटेल के द्वारा हमारे आराध्य भोलेनाथ के शिवलिंग को तोड़कर बाहर फेंक दिया गया आवाज़ आने पर मैं वहां जाकर देखा तो शिवलिंग टुटा हुआ था और ये सभी वहां मौजूद थे मैंने उन लोगों के सामने शिवलिंग खंडित करने पर विरोध किया और सभी गाँव वालों को इसकी जानकारी दी इस बाबत ज़ब उनसे पूछा गया की ऐसा क्यों किया तो उन लोगों ने साफ कह दिया की मेरी बेटी ऋतु की तबियत ख़राब होने पर हम लोगों ने पास्टर के कहने पर ईसू की प्रार्थना की तो तबियत ठीक हो गई उसके कहने पर हमने पूजा पाठ बंद कर दिया है हम लोग हिन्दू देवी देवता की पूजा नही करेंगे हम लोग ईसाई धर्म को मानते हैं इस पर समाज वालों के साथ पुरे गाँव वालों ने उन लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वो लोग नही माने तथा हमारे सभी सामाजिक धार्मिक पारिवारिक सुख दुख के कार्यक्रमों आयोजनों से दुरी बना ली तब सभी समाज एवं ग्रामीणों की सलाह पर तत्कालीन जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी लवन को हमारे द्वारा 12 जून 2023 को दानीराम पटेल भागवत पटेल ऋतु पटेल के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने सामाजिक पारिवारिक कलह उत्पन्न करने तथा गाँव की शान्ति भंग करने की शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई कार्यवाही प्रशासन की तरफ से नही की गई बल्कि उलटे दानीराम के द्वारा सम्पूर्ण पटेल मरार समाज के लोगों के ऊपर सामाजिक बहिष्कार एवं प्रताड़ना का झूठा आरोप लगाकर न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया। समाज प्रमुख शत्रुघ्न पटेल ने कहा की समाज किसी भी सूरत में धर्मान्तरण या सनातन हिन्दू धर्म का अपमान नही सहेगा दानीराम पटेल भागवत पटेल को समाज एवं ग्रामीणों द्वारा समझाने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन वो लोग समझने को तैयार नही हैं इसलिए हमने कार्यवाही की मांग की है। विहिप जिलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने पुरे मामले में मिशनरियों पर हिन्दू समाज को बाँटने तोड़ने और धर्मनंतरित करने का आरोप लगाते हुए कहा की गरीब दुखी बीमार हिन्दुओं को अपने जाल में फंसाकर आम हिन्दू की मजबूरियों का फायदा उठाकर उनको धर्मनंतरित करते हैं जिससे हिन्दू समाज एवं परिवारों में टूट झगड़ा आपसी वैमनश्य दुश्मनी की स्थिति उत्पन्न हो रही है हमारी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ।

# नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्गों में रात्रि सफाई




**भाटापारा।** लंबे समय के इंतजार के पश्चात् भाटापारा नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्गों में रात्रिकालीन सफाई चालू किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश का पालन कर सफाई व्यवस्था की दिशा में त्वरित कार्य किया जा रहा है।

# वित्त व आवास मंत्री के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने की आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



वित्त एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी के सागरपाली आगमन पर ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सोहन पटेल की अगवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सरायपाली-सरसीवां मार्ग का नए सिरे से मरम्मत करने संबंधी मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर ओपी चौधरी ने बरसात के बाद मरम्मत कराए जाने का आश्वासन दिया। यह ज्ञातव्य हो कि रायगढ़ से रायपुर जाते समय पूर्व जनपद सदस्य एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता सोहन पटेल के आग्रह पर कुछ समय के लिए सागरपाली में रुककर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा स्कूली छात्रों, शिक्षकों एवं महिलाओं से मुलाकात कर सरकार के कामकाज एवं योजनाओं की जानकारी भी ली। ग्रामीण ओपी चौधरी के इस मिलन सरिता एवं सहज एवं सरल स्वभाव कायल हो गए। ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की जानकारी ली तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग देने कहा। इस अवसर पर गोपाल पटेल, रूपलाल नंद, तरुण अग्रवाल, रमेश साहू, लालप्रसाद चौहान, बाबूलाल पटेल, मेघनाथ यादव, सेतकुमार पटेल, भागीरथी पटेल, रविलाल, केदार बंजारा, भोजराज बाग, प्रधान पाठक पुरुषोत्तम लाल, शिक्षक उस्ताद अली, मुरलीधर पटेल, अभिमन्यु चौहान, सुधा चौरसिया, वेदांती पटेल, श्वेता चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री नवजागरण गणेश उत्सव समिति हटरी बाजार प्रतिमा स्थापना का 50 वर्ष पूर्ण होने पर मना रहा है स्वर्ण महोत्सव



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

श्री नवजागरण गणेश उत्सव समिति हटरी बाजार अनाज लाइन भाटापारा यह एकमात्र ऐसा पंडाल है जो विगत 50 वर्षो से गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करते आ रहा है सन 1974 से 2024 तक। यह पंडाल इस वर्ष अपना स्वर्ण महोत्सव मना रहा है जिसके द्वारा समिति के द्वारा प्रतिदिन आयोजन भजन कीर्तन एवं भाटापारा के महानुरागी मुख्य अतिथियों का आगमन पंडाल में होता रहा है जिसमें हमारे विधायक इंद्र साव एवं हमारे पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, टी आई, एसडीएम, भाटापारा प्रेस क्लब के सभी सदस्य का आगमन हुआ आने वाले कुछ दिनों में भाटापारा की सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ समिति एवं पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी का आगमन होगा एवं शनिवार को श्री श्याम संकीर्तन श्री श्याम गुणगान परिवार द्वारा रखा गया है। आप सभी समस्त श्रद्धालु गणेश जी महाराज का आशीर्वाद एवं दर्शन प्राप्त करने अवश्य पधारे। इस वर्ष 2024 में समस्त तीर्थ एवं मंदिरों की मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाई गई है। समिति के सदस्य मोतीलाल केशरवानी मोहनलाल केशरवानी प्रमोद केशरवानी श्याम रतन मुंढडा, कल्लु सोनी, कमल सेठी, उच्चा अंकल, कन्हैया सेठी दीपक केशरवानी, पंकज केशरवानी नरेश गुप्ता छोटामुन्ना, गोलू यादव, मंतु चक्रवर्ती, शंभू नाथ, विजय सोनी, हेमंत केशरवानी शुभम गुप्ता शुभम सेठी शिवम छाबड़िया, हेमंत बहेकर, सौरभ गुप्ता कपिल गुंडयाल अमन केशरवानी, रौनक सोनी, आयुष सोनी, प्रांजल केशरवानी। सभी सदस्यों का बहुत ही अच्छा योगदान रहा है इस स्वर्ण महोत्सव को मनाने में।

# सोसायटियां ध्यान दें, तौल उपकरणों का सत्यापन बहुत जल्द

## विशेष शिविर लगाने की तैयारी में जिला विधिक माप विज्ञान विभाग





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

सोसायटियों के कांटा-बांट की जांच एवं सत्यापन के लिए जिले में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिला विधिक माप विज्ञान विभाग ने इसके लिए कार्य योजना बनाना चालू कर दिया है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की तैयारी शुरू होने लगी है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला विधिक माप विज्ञान विभाग ने जिले की सोसायटियों के तौल उपकरणों की जांच एवं सत्यापन की योजना पर काम चालू कर दिया है। एक ही चरण में यह कार्य करने के विचार के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सत्यापन शिविर लगाए जाएंगे।

### यह भी ले सकेंगे लाभ

इस दौरान स्वाभाविक रूप से कृषि उपज मंडियों में भी कृषि उपज की आवक अच्छी रहेगी। लिहाजा कृषि उपज मंडियों के तौल उपकरणों की जांच एवं सत्यापन की सुविधा जिला विधिक माप विज्ञान विभाग ने दिए जाने का फैसला लिया है। शिविर में यह भी सुविधा का लाभ ले सकेंगे। याने दोनों जगह कृषि उपज बेचने वाले किसान निश्चिंत होकर उपज का विक्रय कर सकेंगे।

### प्रयास अगले माह के लिए

तौल उपकरणों की जांच एवं सत्यापन के लिए जो विशेष शिविर लगाने की योजना है, उसे माह अक्टूबर में हर हाल में शुरू करने का विचार है। ताकि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तारीख के पूर्व इसे पूरा किया जा सके। वैसे भी फसल की स्थिति पर नजर रख रहे कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार शीघ्र तैयार होने वाली प्रजातियां अक्टूबर अंत तक आने के आसार हैं।

### सोसायटियां ध्यान दें

जिला विधिक माप विज्ञान विभाग के अनुसार शत-प्रतिशत सत्यापन का लक्ष्य लेकर तैयार हो रही इस योजना के तहत धान खरीदी केंद्रों के पारंपरिक तौल उपकरणों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स वेइंग मशीनों की भी जांच और सत्यापन किए जाएंगे। खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवहारिक दिक्क त की स्थिति में मुख्यालय को सूचना दिये जाने पर मैदानी अमला की सहायता ली जा सकेगी।

सोसायटियों को उनके तौल उपकरणों की जांच एवं सत्यापन के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कार्य योजना पर बहुत जल्द निर्णय लिए जाएंगे। इसकी जानकारी समय पूर्व दे दी जाएगी।

**दामोदर वर्मा, निरीक्षक, जिला विधिक माप विज्ञान विभाग, बलौदा बाजार**

# भाटापारा में ब्राउन शुगर का कारोबारी गिरफ्तार, ड्रग्स विभाग निष्क्रिय, युवाओं का भविष्य अंधकार में, गृह मंत्री त्यागपत्र देवे : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कॉग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई है पूरा प्रदेश भू माफिया, शराब माफिया, जुवा-सट्टा माफिया और डग्र्स माफियाओ के क़ब्ज़ा में होते जा रहा है, प्रदेश में चारो तरफ नशा और जुवा का कारोबार फलता फूलता नज़र आ रहा है, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध शराब, सट्टा, जुआ, गांजा के बाद अब ब्राउन शुगर का कारोबार करते रंगे हाथ पकड़ने में सफलता परिवेश तिवारी थाना प्रभारी शहर पुलिस ने कारोबारी को गिरिफ़्तार कर सक्रियता का परिचय दिया है वहीं पर ब्राउन शुगर का फलता फूलता कारोबार ड्रग्स विभाग की निष्क्रियता को प्रदर्शित करता है साथ ही साथ युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाली इस जहरीली नशा का खुलेआम कारोबार होना तथा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार जनता जनार्दन का भी विश्वास खो चुकी है। प्रदेश के होनहार कहे जाने वाले गृहमंत्री विजय शर्मा अपना ही विभाग सम्भाल नहीं पा रहे है,लगातार चोरी, डकेती, लूटपाट, हत्या से जन जीवन अस्तव्यस्त हो रहा है, आम जन भयभीत और संसंकित होकर जीवन जीने मज़बूर है फिर भी गृह मंत्री के कानो में जूँ तक नहीं रेंग रही हैं गृह मंत्री सत्ता के नशे में मदमस्त होकर कुंभकर्णीय नींद सो रहे है। अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफ्ल गृह मंत्री को अपने पद से तत्काल त्यागपत्र दे देना चाहिये। समाचार पत्रों से मिली जानकारी अनुसार पिछले दो दिनों से प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के सभी कलेक्टर और एसपी की कांफ्रेंस कर रहे थे और इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं और विषयों पर उन्होंने चर्चा किया और इस समीक्षा बैठक में उनके साथ प्रदेश के अधिकारीगण उपस्थित थे। लेकिन जब उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर दिनभर महत्वपूर्ण चर्चा किया, जिसमें गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रदेश के डीजीपी साहब को बैठक में शामिल किया तो उन्होंने अपने ही मंत्रीमण्डल के मंत्री जो कि उपमुख्यमंत्री भी है, जिनके पास गृह विभाग जैसा महत्वपूर्ण विभाग है। लेकिन उनको बैठक में आमंत्रित नहीं किया और उनको इस बैठक से दूर रखा गया, ये बात कोई सामान्य नहीं है, आमतौर पर मुख्यमंत्री जिस विभाग की समीक्षा करते है उस विभाग के मंत्री को जरुर बिठाते है। ये जरुरी भी है और परंपरा भी है लेकिन छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसा हुआ जिससे ये समझ आया कि प्रदेश की बदतर कानून व्यवस्था से नाराज मुख्यमंत्री ने अपने ही गृह मंत्री को नहीं बुलाया इसका मतलब साफ है कि गृहमंत्री अपना विश्वास खो चुके है और अपने विभाग से दूर कर दिये गये है और अपने अधिकारियों की नजर में भी अब वो उतने जिम्मेदार नहीं दिखाई पड़ रहे है। ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री गृह विभाग को खुद चलाना चाहते है और विजय शर्मा को नाम का मंत्री बनाया हुआ है, इसलिए प्रदेश में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आम जनता का विश्वास खो दिया है और पूरे प्रदेश में सिर्फ हत्या, दुष्कर्म, चाकूबाजी और लूट की घटनाएं हो रही है और नशे एवं जुआं, सट्टा के साथ ब्राउन शुगर जैसा नशा पूरे प्रदेश में फलफूल रहा है, अवैध नशें से होने वाली अवैध कमाई का पैसा सभी के पास नीचे से ऊपर तक पहुंचाया जा रहा है, नशे की बिक्री इतनी ज्यादा हो रही है की पूरा प्रदेश अवैध नशा माफियों के चंगुल में फंस चुका है। कांग्रेस नेता सुशील शर्मा ने सरकार और सरकार के आबकारी विभाग, ड्रग्स विभाग के आधिकारियों को कठोर शब्दों में चेतावनी देते हुये कहा कि प्रदेश की जनता अपने नैनिहालो के भविष्य के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी, सरकार जल्द ही जल्द अवैध नशा का व्यापार करने वाले कारोबारियों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही करे अन्यथा जनता जनार्दन अपने युवाओं के उज्जवल सपने को साकार करने येसे अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने मजबूर होगी। गृहमंत्री तत्काल ऐसी घटनाओं पर प्रतिबंध लगाये अन्यथा अपने पद से तुरंत त्यागपत्र देवे।

# पीएम सूर्यघर योजना, 25 हजार का लक्ष्य पूरा करने कार्यशाला आयोजित

## राष्ट्रीय लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का अहम योगदान : भीम सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 हजार घरों में रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव पी.दयानंद के निर्देश पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया गया। प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी भीम सिंह ने इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूरे प्रदेश से आये मैदानी अभियंताओं से इस योजना को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा निर्बाध कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य पूरा करने का आव्हान किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं आर ई सी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर, महासंमुद, बलौदाबाजार, धमतरी जिलों में मैदानी स्तर पर पदस्थ कार्यपालन अभियंताओं एवं अधीक्षण अभियंताओं को योजना से संबंधित जानकारी प्रदाय करने हेतु कार्यशाला का आयोजन गुढियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। कार्यशाला में प्रबंध निदेशक भीम सिंह द्वारा मार्गदर्शन किया गया एवं मैदानी अधिकारियों को तेजी से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित आर ई सी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक प्रदीप फेलोज द्वारा बताया गया कि इस महती योजना हेतु भारत सरकार ने पूरे देश में 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु योजनांतर्गत प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी आर ई सी टीम के माध्यम से दी गई। कार्यशाला में सौर उर्जा के उपयोग को बढावा देने हेतु राज्य में ओपन एकसेस अंतर्गत सौर संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी रंजीत एवं रेसीडेसियल कालोनी एवं काम्पलेक्श हेतु सौर संयंत्र लगाये जाने संबंधी वरचुवल नेट मीटरिंग एवं ग्रुप नेट मीटरिंग की जानकारी रॉबिन गुप्ता द्वारा दी गई। उपस्थित मैदानी अधिकारियों द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला के आयोजन की सराहना की गई एवं उच्च अधिकारी द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के अनुरूप अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से आर ए पाठक कार्यपालक निदेशक (आर ए/पी एम), संदीप वर्मा कार्यपालक निदेशक (रायपुर क्षेत्र), डी एस भगत मुख्य अभियंता केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अभियंता (परियोजना) एम डी बडगैय्या मुख्य अभियंता (संचा एवं संघा), पी व्ही सजीव अतिरिक्त मुख्य अभियंता के साथ-साथ मैदानी स्तर के विभिन्न जिलों आये अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे। कार्यशाला का सफल संचालन सोलर सेल से बिम्बिसार अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया।

# श्रीबालाजी ग्रुप के बीसीआर हॉस्पिटल का उद्घाटन आज 200 बिस्तरों वाले अस्पताल का उद्घाटन करेंगे सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के 200 बिस्तरों के नए हॉस्पिटल का उद्घाटन आज होने जा रहा है। ये हॉस्पिटल जोरा में बीसीआर हॉस्पिटल के नाम से संचालित होगा। हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। ग्रुप के चेयरमैन डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि इस समारोह के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथियों के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से मौजूद होंगे।




### अस्पताल में वीआईपी आईसीयू भी होगा

अस्पताल में सामान्य मरीजों के साथ-साथ प्रीमियम सुविधाएं लेने वाले वीआईपी मरीजों का भी विशेष ख्याल रखा गया है। यहां वीआईपी आईसीयू 10 बेड का होगा। इसके अलावा 10 प्राइवेट, 10 सेमी प्राइवेट समेत अन्य जनरल बेड और कैज्युएल्टी की सुविधाएं मौजूद होगी।

### कैंसर मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं

प्रदेसवासियों को अब कैंसर जैसे गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अब मेट्रो शहरों का रूख नहीं करना पड़ेगा। ये हॉस्पिटल एयरपोर्ट से सबसे करीब है। बीसीआर अस्पताल में कैंसर जैसी जटिल बीमारी का भी ईलाज संभव हो सकेगा। अस्पताल 5 स्टॉर सुविधाओं से लेस होगा। वहीं कैंसर के अलावा मल्टी स्पेशियालिटी सुविधाएं भी मौजूद होंगी। अस्पताल में 4 ऑपरेशन थियेटर होंगे। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक के मुताबिक अस्पताल की लॉबी 5 स्टॉर सुविधाओं से लेस होगी। इसके अलावा अस्पताल में मौजूद 8 ओपीडी पूरी तरह टोकन बेस्ड होंगे जो पूरी तरह से हाईटेक है। अस्पताल पूरी तरह सेंट्रलाइज एसी से लेस है। अमेरिकन ओंकोलॉजी इंस्टिट्यूट से एमओयू किया गया है जिसका उद्देश्य है कि कैंसर के मरीजों को सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# हमर लक्ष्य : राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए मॉक टेस्ट सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com





हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत राष्टीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु जिला उत्तर बस्तर कांकेर के 608 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत सात हजार से अधिक छात्रों हेतु एनएमएमएससी परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। जिले में प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रधानाध्यापकों की बैठक लेकर सभी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर तैयारी कराई जा रही है। विगत पांच वर्षो के प्रश्न पत्रों से तैयारी कराई जा रही है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को अगामी सत्रों में कक्षा 9वीं से 12वीं चार वर्षो तक प्रत्येक माह एक हजार प्राप्त होगा। इससे छात्र-छात्राओं को आगे अध्ययन में शैक्षणिक रूप से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। गत सत्र में जिले से 2023-24 में जिले के 526 छात्र चयनित हुए हैं। इस परीक्षा में प्रयास, आवासीय विद्यालय, एकलव्य, आश्रम, निजी विद्यालय के छात्र इस परीक्षा में भाग नही ले सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा हेतु बच्चों को तैयार किया जा रहा है, मॉक टेस्ट के माध्यम से छात्रों का आंकलन किया जा रहा है। एनएमएमएससी की परीक्षा दिसम्बर माह में एससीईआरटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। एनएमएमएसई परीक्षा हेतु प्रधानाध्यापकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि इस परीक्षा हेतु चयनित छात्रों के आय, जाति प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं, ऐसे छात्रों के प्रमाण पत्र तत्काल तैयार किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि जिले में इस प्रकार के तीन से चार मॉक टेस्ट माह अक्टूबर-नवम्बर में आयोजित कराया जाएगा।

# हिंदी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं गुरुजनों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी के व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। 1953 से लगातार हम हिंदी दिवस मनाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्व के अनेक देशों में हिंदी भाषी लोग हैं। हिंदी हिंदुस्तानियों के आत्मा की भाषा है। सभी भाषाओं में बोली जाने वाली भाषाओं से हिंदी सबसे मीठी भाषा है, जिसमें प्रेम है,उत्साह है,आशा है, अभिवादन है। हिंदी मातृभाषा हिंदुस्तानियों के दिलों में बसती है। हिंदी दिवस के अवसर पर कक्षा दसवीं के तान्या ग्रुप ने रीड की हड्डी एकांकी पर नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा 12वीं के प्रीत राज ने हिंदी दिवस पर भाषण तथा कक्षा ग्यारहवीं की महिमा डीकेश्वरी ने कबीर दास के दोहों का सस्वर वाचन किया। कुमारी अंकिता और उसके साथियों ने श्री रामचंद्र कृपालु भजमन छंद की गीतमय प्रस्तुती दी। कक्षा 12वीं की कुमारी दिव्या ने कविवर हरिवंश राय बच्चन के आत्म परिचय की पंक्तियों का सस्वर वाचन किया। बच्चों ने कविताओं और मुहावरों के प्रयोग करते हुए हिंदी के प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया। संस्कृत की व्याख्याता अनिल शुक्ला ने सभी रसों को अपने हाव भाव में व्यक्त किया। हिंदी की व्याख्याता आशा पटनायक ने रामचरितमानस की पंक्तियों के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उसमें निहित रसो और अलंकारों के भाव को बच्चों को बताया। उन्होंने पृथ्वीराज रासो महाकाव्य पर अपने विचार प्रस्तुत की। संस्था की प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने हिंदी भाषा की महत्व, और भारतेंदु हरिश्चंद्र की रचनाओं का उल्लेख किया। हिंदी मातृभाषा के महत्व को बताया। अंत में हिंदी भाषा से जुड़े कई नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# किरंदुल परियोजना में एमएसईएस के लिए वेंडर मीट व प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल परियोजना में संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक के कुशल निर्देशन में मुख्य महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में परियोजना के अधिकारियों व परियोजना कार्यों में संलग्न एमएसईएस वेंडरों/ कांट्रेक्टर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र का आरंभ मुख्य अतिथि संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया। साथ ही प्रियदर्शन गृहाचार्या जैम पोर्टल एक्सपर्ट रायपुर का भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। के.इलांगो सहायक महाप्रबंधक (सामग्री) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और आज के प्रशिक्षण के बारे में बताया। तत्पश्चात जैम पोर्टल एक्सपर्ट प्रियदर्शन गृहाचार्या ने परियोजना के अधिकारियों को जैम पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि यह पोर्टल विभिन्न सरकारी विभागों/ संगठनों/ सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाईन खरीद की सुविधा प्रदान करता हे। इस जैम पोर्टल का लक्ष्य खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ना है। आगे एक्सपर्ट ने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल एक ऑनलाईन पोर्टल है। इसमें रजिस्ट्रेशन के कोई भी वेंडर/कांट्रेक्टर इस पोर्टल से जुड़ सकता है और सरकार के साथ बिजनेस कर सकता है। सत्र के दौरान अधिकारियों द्वारा जैम से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका एक्सपर्ट ने बखूबी उत्तर दिया।

# विश्वकर्मा जयंती के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारीश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है साथ जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह-जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध हुआ है। अभी भी बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है।इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विश्वकर्मा जयंती 17 सितम्बर के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है।

# राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जौहर

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




24वीं राज्यस्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता 2024 08 सितम्बर 2024 से 11 सितम्बर 2024 जो जगदलपुर के प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग से बीजापुर जिले के 6 खिलाड़ियो का चयन हुआ था जिसमें से 5 खिलाड़ियो ने मेडल लाया है और जिले का नाम रोशन किया है। शलोनी कट्म और शिवपाल कुड़ियम ने सिल्वर मेडल लाकर अंडर 17 में अपना दूसरा स्थान बनाया वहीं परी लिंगम ने अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त की बीजापुर के स्वामीआत्मानंद हिन्दी माध्यम के रितेश कट्म और बुलबुल कुड़ियम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय शालेय नेशनल प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए अपना जगह बना लिया है। बच्चों में खेल के प्रति उत्साह बना रहे व खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कराते कोच माला ठाकुर का बेहतर मार्गदर्शन रहा।

## संयुक्त दल के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किया गया था सील

# जिला प्रशासन की कार्यवाही पर न्यायालय की रोक, न्यायालय ने होटल इन्विटेशन खोलने के दिए आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव नगर में चर्चा का विषय बना हुआ होटल इन्विटेशन ओपन हो गया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एसडीएम कोण्डागांव निकिता मरकाम के नेतृत्व में जिला प्रशासन के सयुंक्त दल द्वारा कोण्डागांव स्थित होटल इन्वीटेशन के संदर्भ में 30 अगस्त को राजस्व विभाग सहित आबकारी, खाद्य सुरक्षा, विद्युत, श्रम, नगर पालिका परिषद, खाद्य एवं अग्नि सुरक्षा विभाग का संयुक्त दल गठित किया गया है। होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस सयुंक्त दल द्वारा होटल इन्वीटेशन की होटल के रेस्टोरेंट में सील कर दिया गया था। जिसके बाद होटल संचालक ने माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई कर माननीय न्यायालय ने होटल और रेस्टोरेंट खोलने के आदेश दिए। जिसके उपरांत आज जिला प्रशासन की टीम ने होटल और रेस्टोरेंट संचालन हेतु खोल दिया है।

**जिला प्रशासन की कार्यवाही पर न्यायालय की रोक :** याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 अथवा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि होटल और रेस्टोरेंट के परिसर को सील करने के बाद, तत्पश्चात, 03 सितंबर 2024 और 04 सितंबर 202 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सीलिंग की कार्रवाई नोटिस जारी करने और जवाब प्रस्तुत करने से पहले की गई है। याचिकाकर्ता का पूरा व्यवसाय बंद कर दिया गया है। और इसलिए, प्रतिवादियों द्वारा होटल को खोलने का निर्देश जारी किया जाए। माननीय उच्च न्यायालय ने सुना और रिकॉर्ड पर रखे गए दस्तावेजों का भी अवलोकन किया है।

नगर निगम के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों ने रात करीब 08:30 बजे होटल का दौरा किया और होटल को रात करीब 11:30 बजे सील कर दिया, जैसा कि उसमें उल्लेख किया गया है। हालांकि, इसमें उल्लेख किया गया है कि याचिकाकर्ता ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 या छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है, हालांकि, इस बात का कोई विशेष उल्लेख नहीं है कि उल्लंघन क्या था और किस तरह से उल्लंघन किया गया। पूर्वगामी चर्चा के लिए, विशुद्ध रूप से एक अंतरिम उपाय के रूप में, प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता के होटल और रेस्तरां को खोलने का निर्देश दिया जाता है।



यह आदेश अगली सुनवाई की तारीख तक लागू रहेगा।

**कुर्की से बचने के लिए प्रशासन ने की कार्यवाही :** याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनोज परांजपे ने प्रस्तुत किया कि 30अगस्त 2024 को याचिकाकर्ता के होटल को सील करने की कार्यवाही, याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई निष्पादन कार्यवाही का एक जवाबी विस्फोट है, जो उसके द्वारा 24,50,159/- रुपये की राशि की वसूली के लिए दायर सिविल मुकदमे में पारित निर्णय और डिक्री से उत्पन्न हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि निष्पादन न्यायालय ने 26जुलाई 2024 को कुर्की वारंट जारी करने का आदेश पारित किया है तथा कुर्की वारंट की रिपोर्ट के लिए 30अगस्त 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि जैसे ही व्यक्ति कुर्की वारंट की तामील के लिए शासकीय कार्यालय पहुंचा, उसके तुरंत बाद रात्रि में लगभग 08:30 बजे जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी होटल पहुंचे तथा गुप्त तरीके से पंचनामा दर्ज कर पूरे होटल एवं रेस्टोरेंट को सील कर दिया।

**चेंबर ऑफ़ कॉमर्स में दिया था आवेदन :** बता दे वहीं इस पूरी घटना की जानकारी होटल संचालक हरीश गोलछा द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स में आवेदन देकर लिखा था की विगत दिनो मे मेरे द्वारा किये गये शासकीय निर्माण कार्य के भुगतान बाबत् माननीय जिलाधीश से निवेदन कर रहा था, उक्त पेमेन्ट लगभग चार वर्ष पुराना है पेमेन्ट नही मिलने पर मैने माननीय कोण्डागांव कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जिसमें मेरे पक्ष में निर्णय आया, एवं कलेक्टर को कोर्ट ने आदेश दिया इस सारे सन्दर्भ में कलेक्टर रूष्ठ हो गये एवं इसके उपरांत उन्होने सारे शासकीय विभागो द्वारा होटल को सील कर तोडने हेतु भी नोटिस दिला दिया है। इस पूरे मामले पर विमल बत्रा उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जगदलपुर (बस्तर) छ.ग. ने कहा है की कोण्डागांव से होटल इन्विटेशन पर हुई कार्यवाही के संबंध में एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, जिस पर हम चर्चा कर कोण्डागांव जिला प्रशासन और व्यापारियों के बीच आपसी तालमेल बैठाने की कोशिश करेंगे। 53 वर्षो से चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रशासन से मिलकर ही व्यापारियों के हित में काम करते आया है जो आगे भी करेंगे।

### न्यायालय ने दी अग्रिम राहत : हरीश गोलछा

होटल संचालक हरीश गोलछा ने बताया की 30 अगस्त को होटल सील कर दिया गया था। जिसके बाद मैने उच्च न्यायालय की शरण ली जहां से मुझे अग्रिम राहत देते हुए, होटल ओपन करने के आदेश दिए जिस पर जिला प्रशासन की टीम ने आकर होटल ओपन कर दिया है।

### प्रशासन की टीम ने होटल किया सील मुक्त

दिनेश सिंह ठाकुर प्रभारी नजूल तहसीलदार ने बताया की वह एसडीएम के प्रतिनिधि बनकर होटल को सील मुक्त करने पहुंचे है। उन्होंने आगे बताया की माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के दायर याचिका क्रमांक 4618/2024 के आदेश दिनांक 13सितंबर 2024 आज दिनांक को होटल इन्विटेशन को सील मुक्त किया गया है। आगे यह होटल संचालन कर सकते है।

## संपादकीय

### आयुष्मान भारत योजना का विस्तार

'**आयुष्मान भारत योजना**' का विस्तार करते हुए केन्द्रीय कैबिनेट ने इसमें 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को शामिल किया है। एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस योजना का विस्तार 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिए किया गया है, भले ही उनकी आय या सामाजिक स्तर कुछ भी हो। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव अभियान में किए वादे की पूर्ति है। इससे वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्यरक्षा में व्यापक बदलाव आएगा। इससे उन करोड़ों लोगों को बहु-प्रतीक्षित राहत मिलेगी जो दवा-इलाज की बढ़ती हुई कीमतों तथा अपर्याप्त बीमा कवरेज के कारण परेशानियों का सामना कर रहे थे। पांच साल पहले शुरू होने के बाद से 'आयुष्मान भारत' ने भारत में करोड़ों लोगों की स्वास्थ्यरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित की है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होना शामिल है। इससे उन परिवारों को इलाज मिल रहा है जो पहले महंगी चिकित्सा नहीं करा पाते थे। डेटा से स्पष्ट है कि इस योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने वाला हर चौथा व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक है। भर्ती होने वाले एक करोड़ लोगों में से 24 प्रतिशत नागरिकों की आयु 60 साल या इससे अधिक थी। इससे स्पष्ट है कि उनको 'सुरक्षा संजाल' की बहुत आवश्यकता है।

कवरेज का विस्तार 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग वाले सभी नागरिकों तक करने का नवीनतम निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयुवर्ग वालों की अक्सर निजी बीमाकर्ताओं द्वारा अनदेखी की जाती है। अधिकांश स्वास्थ्य बीमा कंपनियां 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों को बीमा देने से इनकार करती हैं या इसके लिए मनमाना प्रीमियम मांगती हैं। बीमा उपलब्ध होने पर भी पूर्व-निर्धारित शर्तें अक्सर लोगों को पहले दो या तीन साल इससे बाहर रखती हैं। इसके कारण अनेक वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर बीमारियों, जैसे हृदय रोग, किडनी समस्याओं और मधुमेह के लिए तत्काल इलाज तक पहुंच नहीं हो पाती है। नई नीति से 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 6 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा कवरेज से लाभ होने की आशा है। यह परिवार के आधार पर लागू होगा।



इससे सुनिश्चित होगा कि परिवारों द्वारा परित्यक्त या वित्तीय कठिनाइयों का सामना करने वाले लोगों को भी अब मुफ्त या सस्ती चिकित्सा तक पहुंच मिलेगी। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों तक आयुष्मान भारत योजना का विस्तार उचित समय पर हुआ है। डायलिसिस, हृदय सर्जरी व कैंसर चिकित्सा जैसी प्रक्रियायें न केवल महंगी हैं, बल्कि अक्सर वरिष्ठ नागरिकों को इसकी जरूरत पड़ती है। नई नीति उन वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा संजाल प्रदान करती है जिनको अब तक खर्चों का बोझ स्वयं वहन करना पड़ता था या अपर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सहारे रहना पड़ता था। आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख की कवरेज से वित्तीय बोझ काफी घटेगा जिससे परिवारों को बिना अपनी बचत की चिन्ता किए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा की पहुंच सुनिश्चित होगी। प्रत्यक्ष चिकित्सा लाभों के अलावा इस नीति के दूरगामी सामाजिक प्रभाव होंगे। ग्रामीण या आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में भारत के वरिष्ठ नागरिकों को अक्सर अनदेखी तथा बीमारी में अलगाव का सामना करना पड़ता था। इस नीति से बेहतर स्वास्थ्यरक्षा परिणामों के साथ करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और सुरक्षा ऐसे समय सुनिश्चित होगी जब उनको इसकी सर्वाधिक आवश्यकता हो। इसका व्यापक प्रभाव परिवारों, समुदायों और स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। यह सबके लिए समावेशी व सुगम पहुंच वाली स्वास्थ्यरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# लक्ष्य की ओर बढ़ती हिन्दी

अनेक समस्याओं के बावजूद भारत में हिन्दी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा स्तर पर सभी विषयों में अन्य भाषाओं के साथ ही माध्यम के रूप में भी हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है।



**विमलेश कांति वर्मा**
(लेखक, भाषा वैज्ञानिक हैं)




वर्ष 1947 में भारत स्वतन्त्र हुआ और वर्ष 1950 में इसे गणतंत्र घोषित किया गया। महात्मा गांधी ने हिंदी को स्वतंत्रता आन्दोलन की भाषा के रूप में चुना था और कहा था कि देश राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई भारतीय संविधान सभा में देश भर के दिग्गज नेताओं ने सर्वसम्मति से देश की चौदह भाषाओं में से हिंदी को राजभाषा का गौरव पूर्ण पद दिया था और यह सोचा था कि 15 वर्ष बाद हिंदी देश की राजभाषा होगी और अंग्रेजी की वर्चस्विता समाप्त हो जायेगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव बंगाल के रवीन्द्र नाथ ठाकुर, शारदा चरण मित्र, क्षिति मोहन सेन, गुजरात के स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महाराष्ट्र के बाल गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, पंजाब के लाला लाजपत राय, दक्षिण के श्री जी .रेड्डी, प्रोफ. नागप्पा, चंद्रशेखरन नायर सभी ने दिया था। उन्होंने एक स्वर से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की बात कही थी और जीवन भर इसके लिए प्रयत्न भी किया था, लेकिन अभी तक ऐसा हो न सका।

भारत के स्वतंत्र होने तक देश में हिंदी स्वाभिमान का प्रतीक थी। हम अपने को भारतीय और अपनी भाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा कहकर, सबके बीच हिंदी में बात कर स्वाभिमान का अनुभव करते थे। स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ने आने वाले छात्र गर्व का अनुभव करते थे, पर आज विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ने वाले विद्यार्थी वे हैं जो अन्य किसी विषय में प्रवेश लेने के योग्य नहीं हैं। हिंदी विषय में एम.ए. करने की बात ऐसे छात्र ही सोचते हैं। इस प्रकार हिंदी आज उनका स्वाभिमान नहीं, हिन्दी उनकी मजबूरी बन गई है। स्वतंत्रता से पहले जिस हिंदीको देश में चतुर्दिक समर्थन प्राप्त था, वहीं अब हिंदी का बहुत जगह विरोध दिखता है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी हिंदी के एक समय बड़े समर्थक थे, वे बाद में हिंदी के विरोधी बन गये। सुनीति कुमार चटर्जी जैसे विद्वान न 'हिंदी के विरोध में राजभाषा आयोग के सम्मुख विमति टिप्पणी दी।

हिंदी का महत्व समय के साथ घटता गया और अंग्रेजी की वर्चस्विता बढ़ती गई। हिंदी में अंग्रेजी का ऐसा घालमेल हुआ कि यदि आपको अंग्रेजी नहीं आती तो हिंदी टीवी चैनलों की बात समझ ही नहीं आएगी। आज ज्यादातर अंग्रेजी के बोझ से लदी हुई हिंदी आपको पढ़ने और सुनने को मिलेगी। स्वस्थ सुन्दर भाषिक संरचना में लिखी हिंदी को पढ़ने के लिये आप तरस जायेंगें। स्वतंत्रता पूर्व तन मन से हिंदी के विकास के लिए प्रतिबद्ध और कटिबद्ध अनेक संस्थाओं में हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, काशी नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी आदि शामिल हैं। ऐसी कितनी ही हिंदी सेवी संस्थाएं भारत के विभिन्न प्रान्तों में बड़े उत्साह से बनी थीं, वे आज निष्क्रिय ही नहीं निर्जीव सी हो रही हैं और अपनी पूर्व प्रतिष्ठा और गरिमा खो चुकी हैं। अब न उनके पास कोई योजना है, न ही वहां अध्ययन -अनुसंधान की कोई व्यवस्था है।

शासकीय अनुदान के अभाव में वे अब केवल ऐतिहासिक उल्लेख के लिए महत्वपूर्ण रह गई हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि 17 वर्षों में भारत की जनसंख्या में तो बहुत वृद्धि हुई है पर हिंदी भाषा भाषियों की संख्या हर दस वर्षीय आंकड़ों में बढ़ती नहीं घटती दिखाई पड़ेगी। यदि वर्ष 1961 के जनगणना के आंकड़े देखें और अब तक के जनसंख्या आंकड़े मिलाएं तो हिंदी की स्थिति देखें और उनका विश्लेषण करें तो आपको आश्चर्य होगा। हिंदी भाषा भाषियों की संख्या पहले से आज सरकारी आंकड़ों कितनी कम हो गई है यह जानकर आपको विस्मय होगा।

भाषावैज्ञानिकों की दृष्टि में हिंदी की 17 प्रधान उप-भाषाएँ बताई गई हैं जिनमें राजस्थानी, पूर्वी हिंदी, पश्चिमी हिंदी, बिहारी और पहाड़ी की गणना होती है। मीरांबाई, नरपति नाल्ह, चंद बरदाई, जायसी, तुलसी, सूरदास, नन्ददास, मतिराम, पद्माकर, केशवदास, विद्यापति, भिखारी ठाकुर, प्रेमचंद, जय शंकर प्रसाद, निराला का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। शिक्षा में हिंदी का माध्यम प्राथमिक स्तर से उच्चतम स्तर तक होने का सपना भारत के स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था, पर देश में आज बहुत कम अच्छे प्राथमिक विद्यालय हैं जहाँ शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी न हो। विश्व के सभी विकसित देशों में शिक्षा का माध्यम प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक देश की भाषा ही होता है। उच्च स्तर पर शिक्षा का माध्यम हिंदी को बनाने के लिए भारत सरकार ने वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली आयोग और केन्द्रीय हिंदी निदेशालय बनाया। हिंदीमें तकनीकी साहित्य और वैज्ञानिक साहित्य प्रकाशित करने के लिए केन्द्रीय माध्यम कार्यान्वयन बोर्ड भी बनाया। ये सभी संस्थाएं आज भी कार्यरत हैं। इसके बावजूद हिन्दी शिक्षा का माध्यम नहीं बन सकी।

शिक्षित समाज के पारस्परिक बोलचाल में एक प्रकार की मिश्रित हिंदी ही आपको सामान्यत: सुनने को मिलेगी। भाषा और लिपि का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध कहा जाता है। सच तो यह है कि भाषा पूर्ण शुद्धता के साथ अपनी लिपि में ही पढ़ी जा सकती है। आचार्य बिनोवा भावे जीवन भर देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता और उसके महत्व को समझाते रहे पर पिछले वर्षों में रोमन लिपि में हिंदी पढ़ने और समझने वाले बढ़ते गये और अब आभिजात्य वर्ग के भारतीय इस बात में गौरव समझते हैं कि वे हिंदी रोमन लिपि में लिखते और पढ़ते हैं। बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता और अभिनेत्रियाँ अपने हिंदी संवादों का अभ्यास रोमन लिपि में लिखी हिन्दी को पढ़कर ही करते हैं। वैसे भारत, हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनाने के लिए कई दशकों से प्रयत्नशील है। विदेशों में 'विश्व हिंदी सम्मेलन' का चार दशकों से आयोजन, 'विश्व हिंदी सम्मान' का वितरण और इसके लिए करोड़ों रुपयों का व्यय उसी उद्देश्य के लिए किया जाने वाला राष्ट्रीय उपक्रम है। विदेश में सरकार के प्रयत्न और अनुदान से विश्व के अनेक देशों में हिंदी पीठ की स्थापना हुई है और हिंदी के पाठ्यक्रम चल रहे हैं।

लेकिन छात्रों की निरंतर घटती संख्या से विदेशी विश्वविद्यालय में चलने वाले पाठ्यक्रम धीरे-धीरे बंद होते जा रहे हैं। भारत से भेजे गये अध्यापक भाषा शिक्षण की नवीनतम पद्धतियों से अपरिचित हैं इसलिए वे भाषा के स्थान पर साहित्य पढ़ाना चाहते हैं, जबकि विदेशी विद्यार्थी साहित्य नहीं वार्तालाप की हिंदी सीखना चाहते हैं जो उनके लिए आजीविका की दृष्टि से उपयोगी है। परिणामत: हिन्दी कक्षाएं जब छात्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति न कर पाने और पाठ्यक्रम सामान्यत: स्व-वित्त पोषित होने के कारण वे धीरे-धीरे बंद होते जाते हैं।

आज विश्वविद्यालय स्तर पर भाषा विभागों में हम भाषा अध्ययन पर बल न देकर साहित्य शिक्षण पर बल दे रहे हैं। हम यह आज भूल गये हैं कि भाषा और साहित्य दो अलग अलग अनुशासन है। भाषा का अनुशासन पक्ष बहुत व्यापक है। हिंदी के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास और प्रसार की बात जब होती है तो उसका अर्थ हिंदीभाषा का प्रसार है न कि हिंदी साहित्य का प्रसार। साहित्य, भाषा की उच्चतम उदात्त भावाभिव्यक्ति है। जब तक भाषा पर अच्छा अधिकार नहीं उत्कृष्ट साहित्य सृजन या साहित्य की समझ संभव ही नहीं। जिन विदेशी विद्यार्थियों ने श्रम कर हिंदी भाषा पढ़ी और जो भारतीय दूतावास-उच्चायोग में नौकरी के लिए इसका महत्व समझते हैं, उनको निराशा होती है।

विदेश में हिंदी को बचाने और बढ़ाने के लिए हमें मारीशस, फीजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबागो, गुयाना और दक्षिण अफ्रीका आदि पर ध्यान देना होगा। ये देश हिंदी में आजीविका नहीं ढूँढ़ते, बल्कि हिंदी को अपनी अस्मिता मानते हैं, इसलिए अपने-अपनेदेशों में वे हिंदी प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। हिंदी का एक शुक्ल पक्ष भी है। नई तकनीकी सुविधाओं की दृष्टि से हिंदी ने अपना पर्याप्त विस्तार किया है। अंग्रेज़ी की तुलना में हिंदी में मोबाइल पर बात करनेवालों की संख्या की तुलना की कोई सोच ही नहीं सकता। वाट्सऐप ईमेल पर भी हिन्दी का बढ़ता प्रभाव भारत में स्पष्ट दिख रहा है।

हिंदी में यांत्रिक सुविधाओं का दिन प्रतिदिन विकास हो रहा है लेकिन हमारा ध्यान मानकीकरण पर उतना नहीं है मुझे विश्वास है कि भारत का तकनीकी ज्ञान हिंदी को समृद्ध करेगा और हम इस क्षेत्र में विश्व के विकसित देशों के समकक्ष शीघ्र ही हो जायेंगे। संख्याबल की दृष्टि से हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यक्रम मन की बात से हिंदी को लोकप्रिय बनाने में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। भारत सरकार द्वारा हिंदी में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रकार हिंदी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

# सेमीकंडक्टरों हेतु राजनयिक प्रयास

"भारत और सिंगापुर एकसाथ मिल कर मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला बनाने का प्रयास कर रहे हैं।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा नीत राजग गठबंधन के लिए वर्तमान समय में घरेलू नीतियां प्रमुख मुद्दा हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार भारत की विदेश नीति बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री ने ब्रूनेई की यात्रा की जो दक्षिण चीन सागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश है। हालांकि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध दशकों पहले स्थापित हुए थे, पर यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्रूनेई यात्रा थी। इससे द्विपक्षीय सबंध मजबूत करने के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में सहायता मिलती है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सिंगापुर यात्रा की जो भारत का क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोगी है। भारत और सिंगापुर अगले वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दोनों देशों ने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को 'समग्र रणनीतिक साझेदारी' में बदलने का निर्णय किया है जो सहयोग के क्षेत्र को विस्तार देगी। सिंगापुर की प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का एक प्रमुख बिंदु दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग को बढ़ावा देना है जिसमें एआई और साइबर सुरक्षा भी शामिल हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों ने डिजिटल स्पेस में सहयोग बढ़ाने पर सहमति प्रकट की। व्यापार ढांचा फ्रेमवर्क में साझेदारी का महत्वपूर्ण स्थान है। सिंगापुर अनेक बड़ी तकनीकी कंपनियों का गढ़ है जिसमें से अनेक का क्षेत्रीय मुख्यालय इस द्वीप देश में है।

इन कंपनियों का व्यापार भौगोलिक रूप से पूरे एशिया और मुख्यत: भारत में फैला हुआ है। प्रधानमंत्री की यात्रा में परिष्कृत तकनीक विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टरों को महत्वपूर्ण स्थान मिला।



इस यात्रा के बाद जारी बयान में कहा गया है, 'दोनों प्रधानमंत्रियों ने महत्वपूर्ण व उभरते तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति प्रकट की। दोनों प्रधानमंत्री सहमत थे कि उत्कृष्ट विनिर्माण व खासकर मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलायें बनाना द्विपक्षीय सहयोग का नया स्तंभ हो सकता है।'

दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-सिंगापुर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी पर एमओयू हस्ताक्षर का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के फोरन बाद अमेरिका सरकार ने भी भारत के साथ नई साझेदारी की घोषणा की जिसमें सप्लाई श्रृंखला को मजबूत करने पर अनेक अवसरों पर ध्यान दिया गया है। इसकी फंडिंग 'इंटरनेशनल टेक्नोलोजी सिक्यूरिटी एंड इनोवेशन फंड'-आईटीएसआई द्वारा की जाएगी जिसकी स्थापना अमेरिका में चिप्स एक्ट, 2022 द्वारा की गई थी।

चिप्स एक्ट के अंतर्गत अमेरिका को कुछ पैसा विकासशील देशों में सहयोगियों व साझेदारों के साथ विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखला पर करने की अनुमति दी गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रेस वक्तव्य में कहा गया है, 'शुरुआती चरण में भारत की वर्तमान सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम और नियामक ढांचे तथा कार्यबल व ढांचागत संरचना आवश्यकताओं का समग्र आंकलन शामिल है। अमेरिका का अनुमान है कि प्रमुख भारतीय पक्ष, जैसे राज्य सरकारें, शिक्षा संस्थान, शोध केन्द्र तथा निजी कंपनियां इस विश्लेषण में भाग लेंगी जिसे इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन द्वारा किया जाएगा। इस आंकलन से प्राप्त जानकारी संभावित भावी संयुक्त उद्यमों का आधार बनेगी जो इस उभरते क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अमेरिका और भारत यह सुनिश्चित करने में प्रमुख साझीदार हैं कि वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला वर्तमान समय में जारी वैश्विक डिजिटल परिवर्तनों के अनुकूल होगी। आवश्यक उत्पादों का विनिर्माण वाहनों से लेकर चिकित्सा उपकरणों में उपयोगी होगा। सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला की मजबूती और शक्ति इसके लिए महत्वपूर्ण है।'

इस सप्ताह भारत ने वैश्विक सम्मेलन 'सेमीकान' का आयोजन किया है जिसमें भारतीय सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में निवेशों को आकर्षित किया गया है। भारत इस सर्वाधिक आधुनिक उपकरण व मशीनरी के अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है जिसे 'चिप्स' कहा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया सिंगापुर यात्रा तथा अमेरिका के साथ सहमति मेमोरैंडम पर हस्ताक्षर से भारत

## आप की बात

### बुजुर्गों की देखभाल

**देश** के 70 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक की ईलाज की नि:शुल्क व्यवस्था कर सरकार ने एक सराहनीय कार्य किया है। बीमा कंपनियां अपने हेल्थ इंश्योरेंस में 60 वर्ष से अधिक के लोगों का बीमा नहीं करती या करती भी है तो उसकी दरें बहुत ज्यादा होती है। इस योजना को लागू करने के बाद सरकार को अब सभी बड़े सरकारी व निजी हॉस्पिटलों को इस योजना के हकदार लोगों का बिना आनाकानी के व्यवस्थित इलाज करना सुनिश्चित करना चाहिए। इस सुविधा के साथ 5 लाख रुपए के बीमा सुविधा देने की भी जानकारी दी जा रही है। इसके बारे में कुछ और स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए। अब बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाने की भी सुचारू रूप से व्यवस्था करनी चाहिए। इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। बुजुर्गों की देखभाल की दिशा में उनके रोगों के इलाज और अस्पताल में भर्ती होने पर सुविधाओं के साथ उनकी नियमित देखभाल, सामान्य स्वास्थ्य जांचों तथा खानपान की सलाह देने के लिए एक व्यापक व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। देश के पहले गैर-कांग्रेस स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय राजनारायण ने स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की शानदार व्यवस्था की थी। ऐसी व्यवस्था बुजुर्गों का सहज व निरोग जीवन सुनिश्चित कर सकती है।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### न्यायपालिका पर निशाना

**वर्ष** 2009 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में सीजेआई के.जी. बालकृष्णन शामिल हुए तब वह सेक्युलर था किन्तु हाल ही में सीजेआई डी.वाय. चंद्रचूड़ द्वारा रखी गणेश पूजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए तो वह न्यायपालिका के लिए समझौता हो गया ? असल में विपक्ष इस मुलाकात पर शोर-शराबा मचा कर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ तथा प्रकारान्तर से न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का मौका तलाश रहा है। प्रधान न्यायाधीश अपने पूरे कार्यकाल में निष्पक्षता व तटस्थता की नीति पर चले हैं और उन्होंने सरकार को असहज करने वाले अनेक फैसले किए हैं। विपक्ष को परेशानी संभवत: मोदी-चंद्रचूड़ की मुलाकात के बजाय गणेश पूजा को लेकर भी है। मोदी सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष अपने अनुकूल फैसले न आने पर न्यायपालिका पर सवाल उठाता रहा है, जबकि सरकार के खिलाफ कोई फैसला आने पर वह या तो खामोश रहता है या इसे संविधान की विजय बता देता है। उम्मीद करनी चाहिए कि जस्टिस चंद्रचूड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्ष के इस विलाप से प्रभावित नहीं होंगे। उम्मीद है कि कुछ ही महीने में रिटायर होने वाले जस्टिस चंद्रचूड़ कई अभूतपूर्व व असाधारण फैसले देंगे।

**- शकुन्तला महेश नेनावा**, इंदौर

### हरियाणा चुनाव

**हरियाणा** में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में टिकट वितरण से नाराज होने, उम्मीदवारों को पदाधिकारियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होने, आम आदमी पार्टी के साथ समझौता नहीं होने, मुख्यमंत्री उम्मीदवार नेतृत्व नहीं होने से परेशानी बनी हुई है। इसके साथ ही चुनाव में बसपा, जेजेपी व इनेलो द्वारा कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। बसपा, इनेलो, माकपा एवं हलोपा का गठबंधन सिद्धांतों, विचारधारा एवं घोषणापत्र के आधार पर न होकर केवल भाजपा विरोध के आधार पर बना है। यह गठजोड़ बड़े दलों के आगे फिस्सड्डी साबित होगा। एनडीए द्वारा करवाए गए विकास कार्यों की श्रृंखला के आगे विपक्षी बौने साबित हो रहे हैं। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हरियाणा में होने वाली सभाओं से होने वाला शंखनाद भाजपा को हैट्रिक लगाने में मददगार साबित होगा। चुनाव में सभी दलों ने जातिगत आधार पर टिकट वितरण किया है, लेकिन भाजपा में मजबूत संगठन की पकड़, हिंदुत्व एवं प्रदेश में किए गए विकास से फिलहाल भाजपा विपक्ष की तुलना में ज्यादा प्रभावी दिख रही है। हरियाणा में होने वाला बहुकोणीय मुकाबला भी भाजपा के लिए लाभदायक तथा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाता दिख रहा है।

**युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

### कमला-ट्रंप बहस

**डोनाल्ड ट्रंप** और कमला हैरिस के बीच हुई 10 दिसंबर की टीवी डिबेट को 7 करोड लोगों ने देखा। यह अमेरिका में चुनाव प्रचार का शानदार तरीका है। अमेरिका में रैलियों में भीड़ इकट्ठी नहीं की जाती और मुख्यत: टेलीविजन डिबेट के आधार पर ही मतदाता अपने लिए प्रतिनिधि का चयन मन ही मन कर लेते हैं। डिबेट में कमला हैरिस के सवालों के आगे ट्रंप की बॉडी लैंग्वेज मैं कहीं आक्रामक मूड नजर नहीं आया। न्यायालय में चल रहे हैं उन पर कई तरह के गंभीर आरोपों का भी सवाल कमला ने उठाया। रूस-यूक्रेन तथा इसराइल-हमास युद्ध रोकने पर भी अपनी किसी नीति का खुलासा ट्रंप नहीं कर सके। डिबेट के बाद मीडिया में लोगों ने कमला हैरिस को अधिक पावरफुल बताया। भले ही इस टीवी डिबेट में कमला हैरिस को बढ़त मिल गई हो, पर डोनाल्ड ट्रंप को अभी से खारिज कर देना उचित नहीं होगा। अमेरिका के ग्रामीण व श्वेत मतदाताओं का बड़ा हिस्सा ट्रंप के साथ है और वे अमेरिका में आने वाले प्रवासियों से आशंकित हैं। भावी टीवी डिबेट्स अमेरिकी राष्ट्रपति का व्हाइट हाउस की ओर पहुंचने का मार्ग तय करेंगे।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक ने सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न वार्डो का अधिकारियों के साथ किया दौरा

## अब बदलेंगी बेमेतरा की तस्वीर : दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू जिले के विभिन्न विभागो के अधिकारियों के साथ नगर के कई स्थानों का भ्रमण किया है। जहां पार्किंग की व्यवस्था, नगर में सौंदर्यीकरण एवं नए चौक चौराहे, सब्जी मार्केट स्थल साफ सफाई, भद्रकाली तालाब मे सौंदर्यीकरण, चौपाटी निर्माण, वाचनालाय मे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर, शहर में लाइटिंग व्यवस्था, सिग्नल चौक पर जेबरा क्रॉसिंग, भगवा चौक, सभी चौक चौराहों का जीर्णोद्धार कराने का काम जल्द शुरू कराये जाने को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है। विधायक दीपेश साहू बेमेतरा के सिग्नल चौक, भारत माता चौक,नगर पालिका बाजार,सीएमएचओ ऑफिस के निकट खाली पड़ी जगह का निरक्षण किया है। जहां शहर में भीड़भाड़ के मद्देनजर अधिकारियों को पार्किंग बनाने के दिशा निर्देश जारी किए है। वही बेमेतरा सिटी कोतवाली के बाउंड्री वॉल को ऊंचा कर नया गेट लगाने के निर्देश दिए है। वही विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा कोबीया वार्ड के कई स्थानों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण कार्य करने निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट और निर्माणाधीन जिला न्यायलय के निकट संविधान चौक बनाए जाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा किया है। उज्जैन महाकाल लोक के तर्ज पर माँ भद्राकली मंदिर का उन्नयन के लिए चर्चा किया गया। विधायक दीपेश साहू के साथ बेमेतरा के नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, विकाश तम्बोली, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, युगल देवांगन, रेवा राम निषाद, महेंद्र साहू, दीना नाथ साहू, एसडीएम घनश्याम तंवर, एसडीओपी मनोज कुमार तिर्की सहित पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका सीएमओ, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राकेश साहू, थाना सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# दुर्ग पुलिस ने किया संकल्प एक युद्ध, नशे के विरुद्ध का आयोजन

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com


बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 06 स्थित सांस्कृतिक भवन में दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों को संबोधित करते हुए दुर्ग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने कहा कि नशे की लत से लोगों के घर बर्बाद हो रहे है, उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सब को सार्थक सोच रखनी होगी और अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत रखना होगा इससे भविष्य के परिणाम भी सार्थक आयेंगे। उन्होंने बच्चों को कहानी सुनाते हुए कहा की हमे अपने अंदर की नकारात्मकता को हटाकर सकारात्मक सोच लाना चाहिए फिर आप कभी भी गलत रास्ते में नही जायेंगे। उन्होंने बताया की दुर्ग पुलिस ने यह संकल्प लिया है कि दुर्ग जिले को हमें नशा मुक्त करना है हमने नशे के विरुद्ध जो युद्ध छेड़ा है इस मुहिम में आप सब की सहभागिता आवश्यक है। हम इस मुहिम के तहत प्रत्येक थाने में प्रति दिवस ये कार्यक्रम कर रहे है जो विगत 15 अगस्त से 26 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा, इसके अलावा समाज के अन्य लोगों के सहयोग से स्कूलों में बच्चों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है आप सभी अपने परिवार एवं आस पड़ोस के लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवश्य बताएं। हम सब जानते है कि नशा हमेशा जीवन का नाश करता है इसलिए हम सब को एकजुट होकर इसके विरुद्ध लड़ना है। हमारा नारा है नशा मुक्त समाज खुशहाल समाज। अपनी बात रखते हुए सीएसपी (छावनी) हरीश पाटिल ने कहा कि पूरे जिले में नशे के खिलाफ अभियान जोरो से चल रहा है। हमारा जो संकल्प अभियान चल रहा है उसके तीन मध्यम है पहला नशा परिवार और समाज को किस तरफ प्रभावित करती है दूसरा नशे के खिलाफ कार्यवाही जो की दुर्ग पुलिस लगातार कर रही है। इसका तीसरा और अन्तिम पहलू है पुनर्वास, इसमें हम समाज के विभिन्न लोगों के बीच जाकर उन्हें ये बता रहे है कि नशा मुक्ति असंभव नहीं है बस आत्मविश्वास की आवश्कता है। चाइल्ड हेल्प लाइन की भारती बिसेन ने कहा कि अगर आपको अपने आस पास कोई भी इस तरह का बच्चा दिखाई दे तो चाइल्ड हेल्प लाइन से तत्काल संपर्क करे। कल्याणी नशा मुक्ति संस्था के अजय कल्याणी ने कहा कि नशा कई तरह के होते है इसमें मोबाइल का नशा भी शामिल है जिससे बच्चा-बच्चा ग्रसित है हम आए दिन इन समस्याओं से दो-चार होते रहते है हमारी संस्था में जब बच्चा आता है तो नशे की लत की वजह से वह हमे अपना दुश्मन समझता है लेकिन कुछ दिनों के इलाज के बाद वही बच्चा जब इस बीमारी से बाहर आता है तो एक बेहतर जीवन जीता है पालकों की भी जिम्मेदारी है कि अगर उनका बच्चा नशे का आदि हो गया है तो बिना किसी झिझक के हमारे नशा मुक्ति केंद्र में आए और हमारा साथ दे ताकि बच्चा नशे का त्याग कर समाज के मुख्य धारा में शामिल हो सके।

# डोर-टू-डोर पहुंच कर सदस्यता अभियान से जोड़ रहे हैं लोगों को



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा डोर-टू-डोर घर-घर पहुँचकर सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ रहे है। इस संबंध नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि इस बार का ज़िला का लक्ष्य 50 हजार से अधिक बनाना का है। हमारे देश के प्रधानमंत्री की सोच और लक्ष्य को साकार करने के लिए लोग जुड़ रहे हैं। यह अभियान हमारे देश और सदस्य बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि हमारा देश और स्वच्छ होना चाहिए, और इसके लिए, हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन लाने होंगे। इस अभियान के माध्यम से, हम अपने देश को सादस्य और स्वच्छ बनाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। यह हमारे देश के लिए एक नए युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि हमारा देश दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करे, और इसके लिए हमें अपने देश को स्वच्छ बनाए इस अवसर पर गौरव साहू तरुण वर्मा सहित महिलाएं उपस्थित रहे।

# चित्रकला स्पर्धा में ओजस्वी व गीतांजली रही प्रथम



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई-पुरई के तत्वाधान में द्रोणाचार्य विद्यालय उतई में चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सात विद्यालय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह (उतई), राष्ट्रीय भारती विद्यालय डुंडेरा, नव मंगल हाई स्कूल पुरई द्रोणाचार्य विद्यालय उतई, हरिओम पब्लिक स्कूल उमरपोटी, महर्षि विद्या मंदिर पुरई नव मंगल विद्यालय धनोरा के 85 विद्यार्थियों ने भाग लिये। यह प्रतियोगिता चार वर्गों प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी में संपन्न हुआ एवं प्रत्येक विभाग के लिए ड्राइंग की विषय वस्तु अलग-अलग रखा गया प्राथमिक विभाग के लिए स्वच्छ विद्यालय पूर्व माध्यमिक विभाग के लिए मेरा भारत हाई स्कूल के लिए अंतरिक्ष में भारत का योगदान तथा हायर सेकेंडरी में मिशन चंद्रयान दिया गया। एसोसिएशन का उद्देश्य इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में अपने विद्यालय एवं राष्ट्र के प्रति प्रेम एवं सदभावना जागृत करना तथा इसके माध्यम से बच्चे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की ऐतिहासिक पल को याद रखे तथा राष्ट्र निर्माण एवं अंतरिक्ष में होने वाले भारत के प्रयास की जानकारी रखते हुए अपने योगदान का संकल्प लें। बच्चे इस प्रतियोगिता में अपने चित्रकारी के माध्यम से विकासशील स्वर्णिम भारत का बहुत ही सुंदर गौरवान्वित करने वाले चित्रण किये। जिसको सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुब सराहा।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से ओजस्वी मांडवी द्रोणाचार्य विद्यालय प्रथम, हर्षिता देवांगन हरिओम पब्लिक स्कूल द्वितीय, तोशिका साहू दीपशिखा विद्यालय, लवी चंद्राकर द्रोणाचार्य स्कूल, नितिन निषाद नव मंगल स्कूल तृतीय रहे पूर्व माध्यमिक विभाग से कु. गीतांजलि हरिओम पब्लिक स्कूल प्रथम, कु. कल्पना साहू दीपशिखा विद्यालय,कु. दीक्षा भारती महर्षि विद्या मंदिर, त्रिशा बंजारे राष्ट्रीय भारती द्वितीय तथा कु. ज्योतिका साहू, क्षमा साहू नव मंगल स्कूल कु. कुमकुम साहू महर्षि विद्यालय तृतीय रहे। हाई स्कूल विभाग से कु. तुलजा यादव राष्ट्रीय भारती प्रथम, कु. तृष्णा साहू दीपशिखा विद्यालय, कु. हर्षिता साहू नव मंगल हाई स्कूल द्वितीय, रणवीर सिन्हा राष्ट्रीय भारती स्कूल तृतीय रहे तथा हायर सेकेंडरी से यश सिन्हा प्रथम, कु. हेमा वर्मा द्वितीय एवं कु. सरिता देवांगन तृतीय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई रहे। सभी विद्यालय के संचालकों डी एल सिन्हा, दयाराम साहू, बी आर मौर्या, प्रवीण सिंह, पूनम सोनी, राजेश्वरी साहू, प्राचार्य के आर सिन्हा तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है अपितु, हमारे जीवन मूल्यों संस्कृति, संस्कारों की परिचायक भी है : गोपेश्वरी साहू




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखण्ड नवागढ़ में बैगलेस डे द्वितीय हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि विश्व भर में लगभग 60 करोड़ लोग इस भाषा का इस्तेमाल अपनी बोल-चाल की भाषा के रूप में करते हैं। हिंदी भाषा के महत्व को देखते हुए हमारे देश में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रति वर्ष इस दिन पर स्कूल/ कॉलेज के साथ ही जगह जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनियां भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए सरकार का प्रयास है कि हिन्दी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार की जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, मे प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित








पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

दिल्ली पब्लिक स्कूल, महराजपुर कवर्धा मे प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व से अवगत कराना और स्कूल में प्राथमिक चिकित्सा किट का प्रबंध सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के तहत छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी विभिन्न तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल परिसर में दो प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध कराई गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। इस विशेष आयोजन के दौरान, तीन डॉक्टरों की नियुक्ति ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक चंद्रवंशी द्वारा की गई, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. गोपाल चन्दवंशी (आयुष आरएमए), डॉ. बलवंत कुमार बेरवंशी (पर्यवेक्षक), डॉ. सूर्यकान्त चौरिया (आयुष आरएचओ) विद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्राथमिक चिकित्सा किट की जानकारी और इसका सही उपयोग स्कूल के हर बच्चे तक पहुंचाया जाए। यह कदम बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को न केवल शारीरिक सुरक्षा प्रदान करते है बल्कि उन्हें जीवन में आवश्यक स्वास्थ्य ज्ञान भी देते हैं।

# जल-जीवन मिशन के बेहतर संचालन से अब ग्राम कुरदी के ग्रामीणों को भरपूर मात्रा में मिल रहा है शुद्ध पेयजल

## हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन का जताया आभार



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

गर्मियों के दिनों में पेयजल की विकट समस्या से प्रभावित गुंडरदेही जनपद क्षेत्र के ग्राम कुरदी में अब भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम पंचायत कुरदी के ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान, जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन से हुआ है। ग्राम पंचायत कुरदी में जल जीवन मिशन हर घर जल रेटरोफिटिंग विलेज योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण सहित ग्राम में पाईप लाईन का विस्तार किया गया है। जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाने का कार्य बेहतर रूप में क्रियान्वित करते हुए ग्राम कुरदी के ग्रामीणों के घरों में प्रतिदिन सुबह और शाम शुद्ध पेयजल पहुँचाया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय कुमार साहू ने बताया कि पहले उनके ग्राम में पानी की काफी समस्या थी। कई बार अन्य ग्रामों से टैंकर के माध्यम से ग्रामीणों के लिए पानी मँगाया जाता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत उनके ग्राम में पानी टंकी का निर्माण किया गया है तथा घर-घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।

### भरपूर मात्रा में मिल रहा शुद्ध पेयजल

ग्राम कुरदी की रूपा बाई साहू और हीरा बाई ने बताया कि पहले वे हैण्डपंप के माध्यम से अपने घरों के लिए पानी लाती थी। जिसमें हैण्डपंप के समक्ष लंबा लाईन लगाना पड़ता था और काफी मश्क्क त के बाद थोड़ा बहुत पानी ही मिल पाता था। लेकिन अब घर में नल लगने के पश्चात् पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिसका उपयोग वे और उनका परिवार पेयजल सहित निस्तारी के लिए करते हैं। ग्राम कुरदी के आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका वैजंती ठाकुर ने बताया कि आंगनबाड़ी परिसर में जल जीवन मिशन के तहत नल लगाया गया है। जिसमें भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल मिलता है। इससे वे आंगनबाड़ी केन्द्र आने वाले बच्चों के पेयजल, भोजन पकाने तथा किचन गार्डन में उपयोग करती है। प्राथमिक शाला कुरदी की प्रधानपाठक खिलेश्वरी साहू ने बताया कि ग्राम में नल से मिल रहे पानी के बेहतर उपयोग और उपयोग पश्चात् बहने वाले पानी के सदुपयोग, सोख्ता गड्ढा का निर्माण सहित जल संरक्षण के लिए समय-समय पर स्कूली बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाता है। जिससे गांव में जल संरक्षण और जल के बेहतर उपयोग करने के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। ग्राम पंचायत कुरदी के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने और इसके बेहतर संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर के गणेंश पंडालो में जाकर लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



स्थानीय विधायक एवं उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने दो दिवसीय प्रवास पर विभिन्न कार्यक्रमो में भाग लिया। इस दौरान शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ मोटर सायकल से शहर में अनेक पंडालों में विराजित गणेश जी का पूजन कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति की कामना की। इस दौरान उन्होंने शहर में विराजित सभी पंडालों के कार्यर्ताओं से भेंट भी किया। शर्मा रात्रि 8 बजे से देर रात तक नगर के गणेश पंडालों में घूमते रहे। प्रमुख रुप भारत माता चौक, राजमहल चौक, पंचमुखी बूढ़ा महादेव, गंगई मंदिर, कचहरी पारा, यूनियन चौक, करपात्री चौक, कबीर पारा, ठाकुर पारा व दर्री पारा में विराजमान गणेश पंडालों में दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने कहा विध्नहर्ता गणेश जी सबका मंगल करें ऐसी कामना है साथ ही उन्होंने गणेश पंडाल के कार्यकर्ताओं से आग्रह भी किया संस्कृति के अनुरूप पूजन अर्चन व विसर्जन का कार्य करे। वाद्ययंत्रों में भक्ति संगीत व परम्परागत वाद्ययन्त्रों का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकान्त उपाध्याय, राजा टाटिया, रिंकेश वैष्णव, पवन देवांगन, उमंग पांडे, दुर्गेश देवांगन, निर्मल द्विवेदी, हेमचन्द चंद्रवंशी, सुनील दोषी, मंजीत बैरागी, राजेन्द्र सांखला, जितेंद्र पांडेय, यश भट्ट, हर्ष खुराना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# नगर पालिका द्वारा डेंगू, मलेरिया जनित क्षेत्रों की युद्धस्तर चलाया गया साफ सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों पालिका क्षेत्र में स्वाइन फ्लू, डेंगू वायरस फैलने की खबर प्रकाशित की गई थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर द्वारा वार्ड क्रमांक दस शंकर नगर स्थित नहर सफाई तथा सघन डी डी टी छिड़काव का कार्य स्वयं की उपस्थिति में कर्मचारियों से कराया गया। सफाई व्यवस्था निरक्षण में मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी के साथ अधिनस्थ हरिकिशन पवरिया ने भी सक्रियता पूर्वक सफाई कर्मियों को निर्देशित किया। मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत सभी वार्डों में सफाई स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा घरों के आस पास स्वच्छता बनाए रखने की सलाह भी कर्मियों के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है।

# स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने हम सभी अपनी अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा किया गया संस्कार रैली का आयोजन








पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि साफ-सफाई को हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु इसे अपने व्यवहार में शामिल कर अपने प्रत्येक क्रियाकलापों में चरितार्थ करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर सभी वर्गों के लोगों से इस महत्वपूर्ण अभियान को सफ्ल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता संस्कार रैली के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु अपने जीवन में साफ-सफाई को विशेष महत्व देते हुए एक स्वच्छ, विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

### नगर के प्रमुख चौक चौराहों में निकाली गई रैली

समारोह में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा साफ-सफाई के प्रत्येक क्रियाकलापों के लिए समय देने के लिए भी शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित लोगों को गंदगी नही करने तथा किसी और को भी गंदगी नही करने देने के अलावा हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने जिलेवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर बालोद जिले को स्वच्छ, समृद्ध एवं खुशहाल जिला के निर्माण करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने को कहा। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा सहित पार्षद कमलेश सोनी, निर्देश पटेल एवं अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, स्कूली विद्यार्थी, नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथि एवं उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल मैदान से घड़ी चौक-रामदेव चौक-मधु चौक-जयस्तंभ चौक होते हुए वापस घड़ी चौक तक स्वच्छता रैली निकालकर आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा अभियान का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा ओडीएफ प्लस पर आधारित विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर साफ-सफाई को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।

### स्वच्छता मित्रों का किया जाएगा सम्मान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वच्छता संस्कार रैली के आयोजन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आज से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. सजंय कन्नौजे ने साफ-सफाई को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए समाज के सभी वर्गों के लोगों से इस महत्वपूर्ण कार्य में अमूल्य भागीदारी निभाने को कहा। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान गांव और शहर के साफ-सफाई से संबंधित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उस स्थान को स्वच्छ रखने हेतु श्रमदान कर वहाँ पर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा इस अभियान के दौरान स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

### स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने बालोद जिले को ओडीएफ प्लस बनाकर जिलेवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से स्वच्छता संस्कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अतिथियों ने स्वच्छता संस्कार रैली में शामिल होकर आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीताम्बर यादव ने किया। इस अवसर पर एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एम प्रसाद, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, तहसीलदार दीपिका देहारी एवं आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के निर्देश पर जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे महिला कांग्रेस की कार्यकर्त्ता उपस्थिति रही। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला यादव ने कहा कि हम सभी महिला पदाधिकरी और कार्यकर्ता 15 सितम्बर को महिला कांग्रेस के 40 वें स्थापना दिवस के दिन से घर घर जाकर सदस्यता अभियान की शुरुवात करेगें।

वही शहर अध्यक्ष नूर जहां ने कहा कि आज से ठीक 40 साल पहले 15 सितम्बर को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का स्थापना किया गया था कल 15 सितंबर को देश के हर राज्य से लेकर जिला ब्लाक में महिला कांग्रेस मुख्यालयों में स्थापना दिवस मनाया जाएगा इसी दिन से सदस्यता अभियान की शुरुवात की जायेगी जो पुरी तरह से आन लाइन होगा जिसके माध्यम से हर वर्ग की महिलाएं 5 साल के लिए कांग्रेस की सदस्य बन सकती है। इस अवसर पर उर्मिला यादव जिला अध्यक्ष नूरजहां शहर अध्यक्ष ललिता सोनी प्रदेश सचिव कमलेश्वरी बंजारा ब्लॉक अध्यक्ष मंजू शर्मा जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अंजुम मसीह शहर महा मंत्री साधना वर्मा सचिव वंदना निगम मीडिया प्रभारी ममता श्रीवास्तव रूपा सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रामदेव मंदिर में भादवा सुदी एकम से चंद्रदर्शन धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



बाबा रामदेव का जन्मोत्सव (भादवी बीज) मुंगेली के रामदेव मंदिर में भादवा सुदी एकम से चंद्रदर्शन 04 सितंबर से आज 13 सितंबर तक धूमधाम से मनाया गया। लगातार 10 दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें 04.09.2024 को भादवा सुदी एकम चन्द्रर्शन जन्मोत्सव, महाआरती की गई।05.09.2024 भादवा सुदी दूज प्रभातफेरी (सुबह 5 बजे) अभिषेक व आरती (सुबह 9 बजे से), 06.09.2024 भव्य भक्ति - रामदेव बाबा महिला मंडल मुंगेली द्वारा किया गया। 07.09.2024 को बच्चों का फैंसी ड्रेस, भजन, समूह नृत्य, 08.09.2024 भव्य भक्ति- भजन प्रवाहक प्रसन्न-अमन द्वारा प्रस्तुत किया गया।09.09.2024 छप्पन भोग एवं आनंद मेला, 10.09.2024 संगीतमय सुंदर कांड पाठ अमन-ललित द्वारा किया गया। 11.09.2024 को भक्ति संगीत जैन मंडल द्वारा की गई। 12.09.2024 बाबा की अखण्ड फेरी (सुबह 8 बजे से) की गई। 13.09.2024 को ध्वजारोहण, आरती , बाबा को सवामणि प्रसादी चढ़ाई गई व भव्य शोभायात्रा (सुबह 9.15 बजे से) प्रसादी (दोप. 12 बजे से) महाआरती (रात्रि 7 बजे से) की गई। 13 सितंबर को ही रात्रि 9 बजे से रामदेव मंदिर प्रांगण में भजन संध्या में राहुल झाबक, अमन सोनी व कलाकारों ने भक्ति संगीत की बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम शुरु हुआ। प्रारम्भ में समिति के संरक्षक दुर्गालाल गोयल द्वारा द्वारा भजन गायक राहुल झाबक को राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत/सम्मान किया। उसके बाद भजन गायिका राहुल झाबक व अमन सोनी सहित पूरी टीम ने बाबा रामदेव की स्तुति में प्रसिद्ध भजन खम्मा खम्मा बाबा रुणिचे रा धणिया3म्हने घोड़लियो मंगवा दे म्हारी मां म्हने3 सहित अनेकों शानदार प्रस्तुति दी ।

# पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए अनेक पंचायतों में लाले पड़े

## ठेकेदार ने सोन नदी मे अधूरा पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण करके छोड़ा


पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जिले के अंतर्गत देखने वाली बात यह है कि 2015-16 में पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए राशि स्वीकति जिसका निर्माण 2019 तक करना था लेकिन 7 साल गुजर रहे हैं ना तो पुल बना नहीं पहुंच मार्ग यह ग्राम पंचायत पिसौद, भनेतरा, लाल माटी, धमनी पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण सोन नदी पर करना था लेकिन कार्य भी चालू हुआ और आज अधूरे पड़ा हुआ है। जिनकी अनुबध राशि 210.92 लाख इस पुल एवं पहुंच मार्ग का ठेका नटराज इन्फ्रा विल्ड कान कम्पनी ने उठाया था। आज भी पिसौद भनेतरा, लालमाटी, धमनी पर चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि इनकी दूरी लगभग 2 किलोमीटर होगी और वहीं पर घूम के जाने पर उन्हें कम से कम 10 किलोमीटर का रास्ता सफर करना पड़ेगा कारण जो भी हो, अभी तक पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं होने से अनेको ग्राम के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधूरा पुल निर्माण में नदी में पहले तो पीलहर (खम्भा) खड़े हो गए हैं लेकिन कार्य 7 वर्ष गुजर ने को हैं लेकिन अभी तक इस क्षेत्र के नेता में जागरूकता नहीं आई न हीं ठेकेदार ने इस पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण को पूर्ण नहीं किया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार 5 वर्ष गुजर गई लेकिन कांग्रेस सरकार ने भी इस पुल एवं पहुंच मार्ग पर ध्यान नहीं दिया यहां पर अनेक राजनीतिक पार्टियों का हाथ होने के कारण शायद पुल आज अधूरा पड़ा हुआ है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी वहां पर जैजैपुर में बहुजन समाज पार्टी का 10 वर्षो से विधायक रहा। केशव चंद्रा भी विधायक रह कर उस पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं कर सके जिनके वजह से ठेकेदार ने इस पुल एवं पहुंच मार्ग को बनाना उचित नहीं समझा। वहीं पर 5 वर्ष से भारतीय जनता पार्टी के जनपद पंचायत जैजैपुर पर कब्जा रहा जिनमें जानकी देवी चंद्रा जैजैपुर ब्लॉक की अध्यक्ष भी रही। अभी वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की ब्लॉक अध्यक्ष रोशनी चंद्रा है जो अब लगभग तीन-चार माह के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

# अग्रवाल समाज द्वारा 16 सितंबर से किया जाएगा अग्रसेन जयंती पखवाड़े का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में अग्रवाल समाज द्वारा 16 सितंबर से किया जाएगा अग्रसेन जयंती पखवाड़े का शुभारंभ अग्रवाल सभा, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति एवं अग्रवाल महिला मंडल शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष 3 अक्टूबर 2024 को होने वाले श्री अग्रसेन जयंती के मुख्य समारोह को लेकर जयंती पखवाड़े का शुभारंभ 16 सितंबर को सुबह 9:30 बजे हटरी धर्मशाला शक्ति के सभागार में अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर होगा, इस अवसर पर श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति 2024 ने शक्ति शहर के सभी अग्रवाल समाज के बंधुओ, माताओ- बहनों एवं युवा वर्ग को भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। तो वहीं 16 सितंबर को ही मुस्लिम समाज के ईद मिलादुन्नबी पर्व पर भी निकलने वाली जुलूस शोभा यात्रा का भी अग्रवाल समाज द्वारा हटरी धर्मशाला शक्ति के सामने सुबह 9:15 बजे स्वागत किया जाएगा एवं सभी बंधुओ को स्वल्पाहार भी कराया जाएगा शक्ति शहर में प्रतिवर्ष मुस्लिम समाज के निकलने वाली विभिन्न पर्वों पर यात्रा का अग्रवाल समाज शक्ति द्वारा स्वागत किया जाता है एवं यह आपसी सौहाद्र एवम भाईचारे की मिसाल है, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू ने सभी अग्रवाल बंधुओ को 16 सितंबर को सुबह 9:00 बजे हटरी धर्मशाला शक्ति में पहुंचने का आग्रह किया है।

# अवैध महुआ लहान के भंडारण पर आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले में आबकारी विभाग आए दिन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में अवैध महुआ शराब तथा अवैध महुआ लहान के भंडारण पर ताड बतोड़ छापामार करवाई कर रहा है,जिसके चलते जहां ऐसे नशे के अवैध कारोबारी में दशहत है तो वही सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवम जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण के चिन्हांकित स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई है। इस तारतम्य में वृत्त मालखरौदा के ग्राम चारपारा में लकेश्वर रात्रे पिता फिरतू उम्र 48 वर्ष के रहवासी मकान के बाड़ी से 10.5 लीटर महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आबकारी अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया,वृत्त सक्ती के मुक्तराजा में शासकीय मैदान से 73 ली महुआ शराब व 1000 द्मद्द महुआ लहान लावारिस अवस्था में बरामद होने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध 34(1) च , 34(2) का प्रकरण कायम किया गया । आरोपी के संबंध में पतासाजी की जा रही है,उक्त कार्यवाही में वृत्त सक्ती/ मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, आ उप नि घनश्याम प्रधान, आब आर. संजीव भगत, रघुनाथ पैकरा, बसंती चौधरी व वाहन चालक कमलेश यादव का योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा सम्पूर्ण तैयारी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक ग्रुप की परीक्षा शांतिपूर्वक पारदर्शिता के साथ संपन्न करने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण तैयारी पूर्व में करा ली गयी है। मुंगेली जिले के कुल 16,511 परीक्षार्थीयों के लिए 55 केन्द्रों में व्यवस्था की गयी है । उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। परीक्षा सुचारू संचालन हेतु पर्यवेक्षक, केन्द्राध्यक्ष, वीक्षक सभी को प्राचार्य सुधीर तिवारी भारती अहमद एवं रामनाथ गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था । परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ घंटे पूर्व केंद्राध्यक्ष पर्यवेक्षक तथा वीक्षकों के लिए पहुंचना होगा। गिरीश रामटेके नोडल अधिकारी ने बताया की आधे घंटे पूर्व परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ फोटो युक्त परिचय पत्र आधार कार्ड पेन कार्ड आदि कोई एक की ओरिजनल कॉपी लाना अनिवार्य होगा। अन्यथा उन परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ 'प्रवेशपत्र एवं डॉट पेन के' अतिरिक्त कोई सामग्री परीक्षा कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे द्य केवल परीक्षार्थी ही परिसर में प्रवेश कर पाएंगे। सभी परीक्षा केंद्र में संपूर्ण तैयारी कर केंद्रा ध्यक्ष द्वारा नोडल अधिकारी को सूचित किया गया है। इसी तारतम्य में 15/09/24 दिन रविवारको शासकीय हाई स्कूल सुरेठा में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर अटल नगर द्वारा छात्रावास अधिक्षक परीक्षा 2024 ग्रुप की परीक्षा का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां 200 छात्रों हेतु संपूर्ण तैयारी कर ली गई हैं।

# छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति-जनजाति (अजाक्स) कर्मचारी अधिकारी संघ जिला मुंगेली का गठन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति / जनजाति (अजाक्स) कर्मचारी अधिकारी संघ जिला मुंगेली का गठन के लिए अमित मिरे, गिरीश कुर्रे प्रदेश सचिव,जितेंद्र पाटले, कमलेश खांड़े एवं राजेन्द्र दिवाकर के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जिला संरक्षक बिंदु भास्कर, भूपेंद्र सिंह बंजारे संभाग सह सचिव,जिला संयोजक रोहित डिंडोरे, सहसंयोजक जगदीश कांत, लक्ष्मीकांत जडेजा को जिला अध्यक्ष, मनोज कुमार अंचल कार्यकारी जिला अध्यक्ष ,जितेंद्र घृतलहरे जिला उपाध्यक्ष, छत्रपाल ध्रुव जिला उपाध्यक्ष , भूपेंद्र घृतलहरे जिला उपाध्यक्ष,जिला सचिव पीला लाल दिवाकर, जिला सहसचिव फलित घृतलहरे, जिला कोषाध्यक्ष चन्द्र कुमार जांगड़े, सह कोषाध्यक्ष रामायण सिंह मरावी मनोनीत किया गया। भूपेंद्र बंजारे एवं जड़ेजा के के द्वारा अजाक्स संघ का निर्माण का उद्देश्य राज्य के अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकारियों और कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों और सामान्य हितों का संरक्षण और विकास करना बताया गया। बिंदु भास्कर एवम् छत्रपाल ध्रुव,मनोज अंचल, जितेन्द्र घृतलहरे जी द्वारा आरक्षित वर्गों के कल्याण के लिए बनाए गए कानूनों को लागू कराना एवम् इन कर्मचारियों की सेवा से जुड़े मामलों में, जैसे वेतन-भत्ते, भर्ती, पदोन्नति, छात्रावास, शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश, आर्थिक दावे वगैरह से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना आदि बताया गया। इस कार्यक्रम में इंद्राज पाटले, धर्मेंद्र जोशी, संतोष कुमार बघेल, ओंकार बर्मन, डॉक्टर केदार अनंत, राजा सिंह मिली, ओमप्रकाश सिंह ध्रुव, चैन सिंह पोर्ते, शिवकुमार ध्रुव, महेश बारमते, हेमुपात्रे, वीर सिंह सिकन्दर, गिरीश कुर्रे, जितेन्द्र दिवाकर, अकत ध्रुव, भूषण पात्रे, भुवन डिंडोरे आदि सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत मुंगेली विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत मुंगेली विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश सदस्यता टीम के सदस्य पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय ने ली। आरंग के पूर्व विधायक एवं प्रदेश सदस्यता अभियान टीम के नवीन मार्कण्डेय ने मुंगेली विधानसभा बैठक में कहा कि जिला,विधानसभा, मण्डल व बूथ को दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सभी को गंभीरता से प्रयास करना आवश्यक है। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को भी मण्डल सदस्यता की मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए। बूथों पर जो कार्यकर्ता एंड्राएड मोबाईल नहीं चला पाते हैं या प्रक्रिया को नहीं समझे हैं उनके साथ साथ युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं को कार्य करना है। युवामोर्चा के साथ ही अन्य मोर्चा के कार्यकर्ता भी ऐसा ही सहयोग करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने प्रयास करें। श्री मार्कण्डेय ने मंडलवार सदस्यता की जानकारी ली। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ उत्साह हर्षोल्लास मय वातावरण में विधानसभा के सभी 279 बूथों में हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का इस बार का सदस्यता अभियान सम्पूर्ण विकसित भारत विजन 2047 की आधारशिला का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षो के कार्यकाल में भारतदेश की उन्नति, प्रगति के साथ राष्ट्र की सुरक्षा और जनसेवा में किये गए ऐतहासिक कार्यों के कारण देश प्रदेश वासियों में भाजपा की सरकार पर पूर्ण विश्वास है कि भाजपा है तो ही विकसित भारत का भरोसा है। मोहले ने सभी कार्यकर्ताओं से सभी बूथों में घर घर जाकर अधिक से अधिक लोगों की सहमति लेकर उन्हें भाजपा से जोड़ने की अपील की। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने मुंगेली विधानसभा के सभी 4 मंडलों के 279 बूथों की समीक्षा और जानकारी लेते हुए कहा कि हम सभी को गर्व है कि हम सभी रीति नीति और सिद्धान्तों पर राजनीति करने वाली देश की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली भाजपा के परिवार का हिस्सा है। जिला सदस्यता संयोजक व जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता ने 2 सितंबर से प्रारंभ सदस्यता अभियान के तहत अभी तक जिले में लगभग 23 हजार नए सदस्य बनने की जानकारी दी।

# विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने दी स्व. शर्मा दंपत्ति को श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने लछनपुर चौक निवास पहुँचकर प्रतिष्ठित नागरिक स्व. सांवलराम शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. संतोष शर्मा के असामयिक निधन पर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।डॉ. महंत ने इस मौके पर कहा कि स्व. शर्मा दम्पत्ति से उनके पारिवारिक सम्बन्ध थे।उनके निधन से वे स्तब्ध है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं ईश्वर से पीड़ित परिजन को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। वहीं प्रेस क्लब चांपा के पूर्व संरक्षक स्व. सांवलराम शर्मा और उनकी धर्मपत्नी स्व. संतोष शर्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित करने प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव मूलचंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, गौरव गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ विधायक ब्यास कश्यप एवं विधायक राधवेन्द्र सिंह सहीत कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा,मदन लाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गुलजार सिंह, नागेन्द्र गुप्ता, किशन सोनी, मो. इब्राहिम मेमन, भगवान दास गढ़ेवाल, कन्हैया राठौर, गुरमीत धंजल, पंकज शुक्ला, रमेश पैगवार, रामविलास राठौर, गार्गी तिवारी के अलावा स्व. शर्मा के पुत्र संदीप शर्मा बड़े भाई घनश्याम शर्मा, अनुज शैलेष शर्मा भतीजे विवेक शर्मा मौजूद थे।

## 26 से 30 सितंबर तक होगा शिविर का आयोजन

# निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर के लिए 120 पैरों का पंजीयन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर,लायंस क्लब ऑफ़ बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर हेतु 111 लोगों के लिए 120 पैरों का पंजीयन हो चुका है, तदाशय की जानकारी देने हेतु तथा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन रोटरी क्लब के अध्यक्ष पवन नालोटिया,अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक तथा लायंस क्लब के अध्यक्ष शैलेश वाजपेई एवं संयोजक ला. किशन बुधिया के आतिथ्य में संपन्न हुई, उल्लेखनीय है कि गीतादेवी रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र सीपत रोड कोनी बाईपास मोपका( बिलासपुर) में 26 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक निशुल्क पैर प्रत्यारोपण शिविर में प्रथम दिवस 26 सितंबर को पैरों की जांच, परीक्षण कर नाप लिए जाएंगे तथा इसी दिन उद्घाटन का कार्यक्रम भी संपन्न होगा,इसके बाद 27 एवं 28 सितंबर को नाप लिए हुए कृत्रिम पैरों का निर्माण कार्यक्रम स्थल पर ही संपन्न किया जावेगा,29 एवं 30 सितंबर को कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा, तदनुसार अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष पवन नालोटिया ने बताया कि घुटने के नीचे या घुटने के ऊपर से जिनके पैर कटा हो ऐसे लोगों को पेटेंटेड डिजाइन वाला प्रभा फुट कृत्रिम पैर निशुल्क दिए जाएंगे, जिसके आधार पर लाभार्थी बैसाखी या अन्य सहारे के बिना चल सकेंगे,तथा पालथी मारकर जमीन में बैठ सकेंगे, आसानी से सीढ़ियां भी चढ़ सकेंगे तथा साइकिल भी चला सकेंगे, नालोटिया ने आगे बताया कि यदि इसके पूर्व के शिविर में किसी का कृत्रिम पैर पुराना हो गया हो तो उसे सुधरवाने के लिए इस शिविर में लाकर उसका सुधार करवा सकेंगे, नालोटिया ने आगे बताया कि सभी लाभार्थियों को कार्यस्थल में 26 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे कार्यक्रम स्थल मोपका, बिलासपुर में पहुंचने के लिए संदेश संप्रेषित किया जावेगा, तथा जो लोग दूर दराज के हैं उन्हें एक दिन पहले उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था करने के लिए अवगत कराया जाएगा। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल ने पूरी तैयारी करने हेतु व्यवस्था की जिम्मेदारी का ब्योरा दिया तथा संचालन करते हुए कार्यक्रम के प्रत्येक चरण के प्रबंधन हेतु टीम का गठन भी कर दिया, कार्यक्रम में जिन लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही उनमें मुख्यत डीपी गुप्ता, ला. मुकेश महलवाला, डॉ.एस जेना.(कोरबा), राजीव भारद्वाज. मुरारीलाल परमार, प्रकाश कुमार टांक, एस. वासुदेव राव, विष्णु कुमार तिवारी, आर. के. गेंदले, अजय जाजोदिया, राजेश पांडे, नेहा शर्मा, नीलिमा यादव, पदमा मोहन महत्वपूर्ण रहे

# कुडो मिक्स मार्शल आर्ट संस्कार सेंट्रल स्कूल के बच्चो का हुआ राष्ट्रीय कर में चयन, साथ ही हिंदी दिवस का हुआ आयोजन



**जैजैपुर** । 24 अगस्त 2024 को दुर्ग में आयोजित कूड़ो मिक्स मार्शल आर्ट का आयोजन किया गया था, जिसमें संस्कार सेंट्रल स्कूल के विद्यार्थी देवेश सिदार, जयंत साहू, महर्षि कुर्रे, युवांश यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हुआ। जिसमें बच्चों के पालक विद्यालय आए और सभी बच्चों को शुभकामनाएं दिए। संस्कार सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य एस. एल. नापित सर जी ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं और हिंदी भाषा की उत्पत्ति और विकास के बारे में बता कर सभा को सम्बोधित किए। 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें शिवा हाउस के बच्चों के द्वारा गीत कविता तथा हिंदी हमारी राज भाषा को प्रेरित करने वाली एकांकी प्रस्तुत किया गया, जो की सभी के लिए प्रेणना दायक थी।

# लंबित बीमा राशि मिलने पर बीमा कंपनी एवं सरकार के प्रति किसानों का विश्वास बढ़ा

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना विखं के सैकड़ों किसानों की लंबित फसल बीमा राशि लंबे संघर्ष और काफी जद्दोजहद के बाद मिलने से जहाँ किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी है, वहीं बीमा कंपनी के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। बसना विखं के ग्राम रोहिना, बिछिया, कापूडीह, दुलारपाली के किसानों के खातों में बीमा की राशि जमा होने की जानकारी मिलने पर किसानों ने खुशी जाहिर की है। रोहिना गांव में करीब 3 सौ एकड़ में ली गई गेंहू फसल का बीमा कराया गया था। प्रति एकड़ करीब 6700 रु. के मान से बीमा राशि प्राप्त होने की जानकारी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बसना विखं के करीब दर्जन भर गांवों के सैकड़ों किसानों ने रबी सीजन 2023 में गेहूं फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। 20 मार्च को हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से रोहिना क्षेत्र में रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। फसल क्षति का आकलन राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी द्वारा कराया गया। फसल कटाई प्रयोग की जानकारी भी शासन को भेजी गई थी मगर बीमा राशि मिलने में काफी विलंब हो रहा था। अमूमन फसल बीमा की राशि जून महीने में मिल जाना चाहिए था मगर जब जुलाई महीने में भी बीमा राशि नहीं मिली तो किसानों ने इसकी जानकारी कृषि विभाग, राजस्व एवं बीमा कंपनी से ली गई मगर सटीक जानकारी के अभाव में किसान सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने विवश थे।



किसानों ने बताया कि कृषि विभाग का कहना था कि फसल कटाई प्रयोग संबंधी जानकारी उच्च कार्यालय को भेज दिया गया है मगर बीमा कंपनी की टोल फ्री नंबर पर बात करने पर बताया गया कि बसना ब्लॉक का डाटा ही उपलब्ध नहीं है। किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिनांक 31.07.2024 को उपसंचालक, संचालक कृषि, कलेक्टर महासमुन्द एवं बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलकर बीमा राशि दिलाये जाने की मांग की गई। इसके लिए डीडीए महासमुंद, भू अभिलेख शाखा महासमुंद, संचालनालय कृषि एवं बीमा कंपनी से तिलमेल बिठाते हुए डाटा उपलब्ध कराया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक बीमा कंपनी से संपर्क किया गया तो किसानों को आश्वस्त किया गया कि फसल कटाई प्रयोग का डेटा मिल जाता है तो हफ्ते पंद्रह दिन के भीतर फसल बीमा की राशि किसानों के खाते में जमा हो जाएगी। बीमा राशि को लेकर किसानों ने जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई। विधायक चातुरी नंद ने किसानों से जुड़े इस मामले को विधानसभा पटल पर रखी। सांसद रूपकुमारी चौधरी से किसानों ने मिलकर ने बीमा राशि जल्द दिलाए जाने मांग रखी थी जिस पर जल्द बीमा राशि मिलने का आश्वासन दिया गया। ग्राम रोहिना के बसंत नायक, दिवाकर साहू, विजय साहू, चूड़ामणि साहू, गिरधारी साहू, रूपानंद साहू, वीरेंद्र सेठ आदि किसानों ने बताया कि बीमा राशि मिलने से किसानों का बीमा कंपनी एवं सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### किसानों की जरूरत के समय मिली बीमा राशि

प्राकृतिक आपदा के समय फसल के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सुरक्षा कवच है। कुछ तकनीकी समस्या के चलते बीमा राशि प्राप्त होने में विलंब जरूर हुआ है। कृषि विभाग का हमेशा किसानों के साथ सहयोग बना रहा है जिसके चलते बीमा राशि मिली है। बीमा राशि ऐसे समय में प्राप्त हुई है जब किसानों को खाद दवा, निंदाई गुड़ाई के लिये पैसे की आवश्यकता है।

**परमानंद सामल**
**वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बसना**

## कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश का 53 वा अधिवेशन कवर्धा में आयोजित किया गया था जिसमे शामिल होने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद संतोष पांडेय, विधायक बिल्हा धरम कौशिक, पूनम चंद्राकर, कैलाश चंद्रवंशी सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सामाजिक बंधु शामिल होने आए थे। वही कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 28 यूनिट ब्लड हुआ डोनेट

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ विकासखंड बेरला के द्वारा कृषि उपज मंडी बेरला में शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 28 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव व सिविल सर्जन डॉ एस. आर. चुरेंद्र के निर्देश में रखा गया, उक्त कार्यक्रम में माननीय विधायक दीपेश साहू, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ विकासखंड बेरला के अध्यक्ष कुशल साहू एवं सभी सदस्य गण और सम्मानितगण उपस्थित रहे, इस रक्तदान शिविर में चिकित्साअधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश, विजय कुमार दौरे एम.एल.टी, संजय तिवारी एम.एल.टी., विष्णु पटेल एम.एल.टी. प्रमोद लहरे एम.एल.टी. कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर, वार्ड बॉय ऋषि जांगडे वाहन चालक कृष्ण कुमार वर्मा का जिला अस्पताल बेमेतरा से योगदान दिया, रक्तदाताओं के नाम किशन सोनकर, प्रदीप कुमार, अमित परगनिया, सूरज साहू, जागेश्वर प्रसाद, जागृत दास बारले, सुरेश कुमार साहू, दिनेश ठाकुर, प्रेम कुमार धीवर, हेमंत, टिकेश्वर कुमार, हरीश साहू, बृज किशोर, सूरज कुमार साहू, नारायण साहू, बलदेव कंवर, रोमन लाल साहू, मनोज कुमार वर्मा, बोधिराम पुरैना, मयंक सिंह राजपूत, अशोक कुमार, जंतोष साहू, तारकेश्वर कुमार, डोमन लाल साहू, पोषण सिन्हा, योगेश्वर प्रसाद साहू, कन्हैया सेन, आशीष कुमार पांडेय इन सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

## बिना सूचना फौती और खाता विभाजन निरस्त करने पर किसानों ने नायब तहसीलदार की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम तमोरा के किसान रोहित कुमार पिता अगरहिज और लिमोरा के किसान भगवान सिंह पिता रमेश्वर ने नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र द्वारा फौती नामांतरण और खाता विभाजन निरस्त करने के सम्बंध में कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिक़ायत कर दोषी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है। तमोरा निवासी रोहित कुमार ने अपने शिकायत में बताया कि उनके पिता अगरहिज के नाम पर खसरा नम्बर 33/6, 33/9, 133/1, 269/ 1 रकबा 0.080 05, 0 08, 0 13 हेक्टेयर जमीन है। अगरहिज की मृत्यु हो चुकी है। जिसो फौती कार्य के लिए तमोरा के पटवारी को आवेदन 13 मई 2024 को दिया था। पटवारी ने ऑनलाईन आईडी एमडी 202324620108400009 दर्ज किया था। उसके बाद नायब तहसीलदार बालोद द्वारा नोटिस जारी जारी कर सुनवाई तिथि 5 जून 2024 निर्धारित किया था। जब वह पटवारी के पास पता करने गया तब पता चला कि नायब तहसीलदार द्वारा बिना सूचना दिये मेरे खाता विभाजन को नामांतरण की आवश्यकता नहीं लिखकर खारिज कर दिया गया है। जिसके कारण मुझे खाद बीज व अन्य कार्य में काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। ठीक इसी प्रकार ग्राम लिमोरा निवासी भगवानसिंह पिता रमेशर ने भी अपनी शिकायत ने कहा है कि हम भगवान सिंह, नरोत्तम पिता रमेशर बिन्दाबाई पति रमेशर के नाम पर ख.न. 305/1, 305/ 3. 599/1, 720/2, 959/2 रकबा 0.24, 0.81, 0.12, 0.09, 0.78 हेक्टेयर भूमि पटवारी रिकार्ड में है। हम लोग बटवारा करवाने के लिये पटवारी लिमोरा के आवेदन दिया था। पटवारी ने एमडी 202324620108000029, दो जुलाई 2024 को ऑनलाईन दर्ज किया था। उसके बाद नायब तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी कर सुनवाई तिथि 25 जुलाई 2024 निर्धारित किया गया था। लेकिन नायब तहसीलदार द्वारा बिना सूचना दिये मेरे खाता विभाजन को नामांतरण की आवश्यकता नहीं है लिखकर खारिज कर दिया गया है। जिसके कारण खाता विभाजन कराने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण हमें खाद बीज व अन्य कार्य करने में बहुत परेशानी हो रही है। उक्त दोनों किसानों ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### सूचना के अधिकार के तहत मांगी जानकारी

अधिवक्ता भेष साहू ने नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र के द्वारा पदस्थापना के पश्चात से अब तक कुल कितने नामांतरण से संबंधित प्रकरण को खारिज किया गया है और उक्त प्रकरण के पक्षकार का नाम, पता, तथा खारिज करने का कारण की जानकारी जनसूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत मांगी हैं। साथ ही अधिवक्ता भेष साहू ने आरोप लगाते हुए यह जानकारी भी मांगी है कि नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र द्वारा अवैधानिक मांग पूरा नही होने पर आम गरीब किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए सामान्य नामांतरण आवेदन खारिज किया गया है। जिसकी शिकायत भी जनदर्शन में सम्बंधित किसान द्वारा की गई थी। उक्त आवेदन शिकायत पर संबंधित तहसीलदार के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है, इसकी भी जानकारी उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत प्रमाणित दस्तावेज़ के साथ मांगी हैं।

## स्टारबक्स ने बिलासपुर में पहले स्टोर के साथ की पारी शुरू करने की घोषणा



पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्टारबक्स ने बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में पहले स्टोर के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। यह स्टारबक्स द्वारा 2028 तक देशभर में 1,000 स्टोर्स खोलने की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है। इस स्टोर में ग्राहकों के लिए स्थानीय डिजाइनों और सांस्कृतिक बारीकियों के साथ-साथ वर्ल्ड क्लास कॉफी एक्सपीरियंस परोसा जाएगा। छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक संसाधनों से भरपूर लैंडस्केप से प्रेरित और स्टारबक्स के ग्लोबल कॉफी हेरिटेज से संपन्न इस स्टोर का थीम 'सेलीब्रेशन' चुना गया है। स्टोर की आकर्षक वुडन कैनोपी के नीचे कॉफी बार सजाया गया है जो अपने गर्मजोशी भरे माहौल में ग्राहकों को आमंत्रित करता है। स्टोर की दीवार पर प्रदर्शित म्युरल के जरिए न सिर्फकॉफी का उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को प्रदर्शित किया गया है बल्कि यह बिलासपुर के लोक प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य की भी याद दिलाने वाला है। कुल-मिलाकर, यह स्टोर के स्पेस को नई ऊर्जा से भरने वाला अहसास पैदा करता है। स्टोर में आने वाले ग्राहकों के लिए चुनींदा आर्टवर्क जैसे फ्लावर बड्स बाय 17215, कोस्टा रिका 11 (जोशुआ त्रुखियो), और कोना कॉफी फार्म 5 (मेगुमी कीअन) को प्रदर्शित किया गया है। ये कलाकृतियां स्टोर को क्रिएटिव लुक प्रदान करती हैं। इनके बीच है आकर्षक म्युरल जिसमें कॉफी प्रांतों की जैव-विविधता को प्रदर्शित किया गया है, और साथ ही, यह शहर के वन्यजीव अभयारण्य को भी दिखाने का प्रयास करता है।

## हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का आह्वान, विविधतापूर्ण और शाश्वत सन्देश : मुजीब खान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) यदि अरब देश में पैदा हुए, लेकिन उन्होंने सिर्फ अरब कौम को ही अपने आह्वान का लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) ने किसी रंग, नस्ल, भाषा और क्षेत्र के भेद-भाव के बिना संसार के सारे मनुष्यों को सम्बोधित किया। पैगम्बर मुहम्मद (स.अ.व.) का आह्वान थाः इंसानियत, अल्लाह की बन्दगी अपनाओ। और यह आह्वान कयामत तक पैदा होनेवाले सारे इंसानों के लिए है।

**मानव-समताः-** हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) ने कहा कि सारे इंसान हजरत आदम (अलैहि.) की सन्तान हैं। दुनिया में विभिन्न कबीलों, कौमों और नस्लों का विभाजन सिर्फ एक-दूसरे की पहचान के लिए है। किसी गोरे को काले पर, किसी अरब को किसी गैर-अरब पर कोई श्रेष्ठता हासिल नहीं है। अल्लाह की नजर में सब बराबर हैं। उनमें श्रेष्ठता अगर है, तो उनके चरित्र के आधार पर।

**हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) के सन्देश** के मुख्य बिन्दु में ईश्वर को एक जानो और मानो। लोगों, तुम्हारा ईश्वर बस एक ही है। वह समस्त दुनिया का एकमात्र सृजन, स्वामी, दूरदर्शी और कुशल शासक है। वही जीवन प्रदान करता है, फसलें उगाता है, धरती और आकाश की हर चीज पैदा करनेवाला और पालनहार है। वही जीवन देता है और वही मृत्यु। वही रोजी देनेवाला, वही रोगों को करतानेवाला, वही गरीबों की निगरानी करनेवाला और दुख-दर्द को दूर करनेवाला है। वही दुआओं को सुनता है और जरूरतमंदों की मदद करता है। सारी की सारी प्रशंसा उसी के लिए है।

**परस्पर प्रेम बढ़ाओः-** लोगों, यह दुनिया तुम्हारे लिए भोग-विलास की जगह है, न प्रतिफल की जगह है और न यातना का स्थान। यह संसार कुछ दिनों के लिए दिया गया है ताकि तुम इसे भली प्रकार समझकर अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियाँ पूरी करो और अल्लाह की रजामंदी हासिल करो। याद रखो कि तुम अल्लाह की निगरानी में हो। हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) ने दुनिया को सीधे और सच्चे रास्ते की तरफ बुलाया। उन्होंने यह बताया कि ईश्वर की प्रसन्नता पाने के लिए संसार त्याग कर गुफाओं और जंगलों में मनस्याएँ, योगियाँ और रहबानिस्तानी तरह जिन्दगी गुजारने की जरूरत नहीं है, बल्कि दुनिया में ही रहकर उसे पूरी तरह समझकर दीनदारी (धार्मिक आचरण) अपनाई जा सकती है और अपनाई जानी चाहिए। इसलिए उनकी शिक्षाएँ इंसान के पूरे व्यक्तिगत और सामाजिक (सामूहिक) जीवन पर व्याप्त हैं।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विधालय में मनाया गया हिंदी दिवस



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हिंदी दिवस शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा मनाया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों ने कविता सुनाई एवं पोस्टर बनाएं। संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे ने भी बच्चों को हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी के महत्व को बताया। सभी शिक्षकों ने हिंदी दिवस में बच्चों को विभिन्न नैतिक शिक्षा की कहानी सुनाई।इस अवसर पर अवसर पर संस्था प्रमुख रामेश्वर प्रसाद बंजारे अलका वासनिक, लक्ष्मी पांडे, सुनीता बंजारे, देवकी साहू, रेणुका अग्रवाल, रोहिणी साहू, लक्ष्मीनि साहू, विद्या श्रीवास्तव, संतोष कुमार यादव उपस्थित थे।

## ज़्यादा लोड, स्मार्ट धुलाई : सैमसंग की नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीन रेंज भारतीय परिवारों के लिए बेहतरीन विकल्प



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने हाल ही में 12 किलोग्राम की क्षमता वाली 10 नई बड़ी फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों की रेंज लॉन्च की है। यह नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीनें भारतीय परिवारों की धुलाई की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं, जिससे लॉन्ड्री केयर में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों और पसंद को पूरी तरह से पूरा करती है। उदाहरण के लिए, सबसे उन्नत फ्लैगशिप 12 किग्रा मॉडल, फ्लैट ग्लास डोर के साथ आता है और इसे ब्लैक और इकोनेवी जैसे प्रीमियम रंगों में पेश किया गया है। इसमें एआई वॉश की खासियत है, जो एडवांस सेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल करके कपड़ों के लोड, वजन, कोमलता, पानी और डिटर्जेंट के स्तर का पता लगाती है। इससे आपको हर बार बेहतरीन धुलाई मिलती है। इसके अलावा, एआई कंट्रोल सुविधा आपके वॉशिंग पैटर्न को समझकर समय के साथ आपकी जरूरतों के अनुसार काम करती है और एआई एनर्जी, बिजली की खपत को भी नियंत्रित करती है, जिससे धुलाई आसान और किफायती हो जाती है।

## मैट्स विश्वविद्यालय में मनाया गया अभियंता दिवस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




अभियंता दिवस समारोह, मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग कैंपस, रायपुर एमएसईआईटी, मैट्स विश्वविद्यालय ने 15 सितंबर 2024 को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे मनाया। यह समारोह देश के महानतम इंजीनियरों में से एक के समाज में अभूतपूर्व योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. पी. यादव ने स्वागत भाषण दिया। एमएसईआईटी की निदेशक डॉ. आशा अम्भईकर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने जीवन की चुनौतियों से जुड़े वास्तविक समस्याओं के पीछे के भौतिकी को समझने और गणितीय उपकरणों का उपयोग कर उन्हें हल करने के महत्व पर जोर दिया। उनका यह संबोधन छात्रों और शिक्षकों के लिए अत्यंत रोचक और शिक्षाप्रद रहा। कार्यक्रम में एमएसईआईटी, मैट्स विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख और इंचार्ज भी उपस्थित थे। इस समारोह और संबंधित गतिविधियों का आयोजन एमएसईआईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक तकनीकी मॉडल्स और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अत्यधिक उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। छात्रों द्वारा कुल 18 मॉडल्स और पोस्टर्स विभिन्न विषयों पर प्रदर्शित किए गए, जिनमें रोबोटिक्स और एआई मॉडल, सोलर, रेफ्रिजरेशन सिस्टम मॉडल, एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग मॉडल, माइनिंग मॉडल आदि शामिल थे।।

इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अभिषेक कुमार जैन ने अन्य संकाय सदस्यों और छात्र स्वयंसेवकों के साथ किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएँ दीं और इंजीनियर्स डे समारोह और मॉडल प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक संदेश भेजा।

## डिजिटल बिक्री प्लेटफॉर्म ग्रीनक्राफ्ट डॉटकोडॉटइन लांच महिलाओं की उत्पादकता को सशक्त बनाना उद्देश्य



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

चरणजीत सिंह, अतिरिक्त सचिव, एमओआरडी ने 13 सितंबर 2024 को वाराणसी में राष्ट्रीय आजीविका सम्मेलन के दौरान ग्रामीण समुदायों की महिलाओं द्वारा पूरी तरह से स्वामित्व वाले ऑनलाइन बिक्री प्लेटफॉर्म ग्रीनक्राफ्ट डॉटकोडॉटइन के लॉन्च की घोषणा की। इंडस्ट्रे फाउंडेशन द्वारा स्थापित ग्रीनक्राफ्ट, एक ऐसा पहल है जो केवल भारत में निर्मित उत्पादों की पेशकश करती है, जो महिलाओं के द्वारा बनाए और स्वामित्व किया जाता है, जो तमिलनाडु, कर्नाटक और ओडिशा में विभिन्न आत्म-सहायता समूहों के सदस्य हैं। इंडस्ट्रे फाउंडेशन उच्च गुणवत्ता और आकर्षक हाथ से बुने गए सामान में विशेषज्ञता रखता है, जो स्थानीय रूप से प्राप्त प्राकृतिक सामग्री जैसे कि केले की छाल, बांस और साल की पत्तियों से बनाए जाते हैं। मध्यस्थों को हटाकर और सीधे बाजार पहुंचाया जाता है, ग्रीनक्राफ्ट इन ग्रामीण महिला उद्यमियों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की उम्मीद है। इस नवीनतम व्यापार मॉडल में, उत्पन्न होने वाली 100 प्रतिशत आय महिलाओं उत्पादकों को जाती है, जिससे सुनिश्चित होता है कि वे अपनी मेहनत और रचनात्मकता से पूरी तरह से लाभान्वित हों।

## राजिम में नए बस स्टैंड के लिए आबंटित हुई जगह

**गरियाबंद ।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं गंभीरता से राजिम क्षेत्र के लोगों को नए बस स्टैंड का लाभ मिल पाएगा। कलेक्टर अग्रवाल ने बस स्टैंड के लिए राजिम गरियाबंद मार्ग पर नेशनल हाइवे से लगे 799/6 रकबा 33.956 हेक्टेयर में से 1.65 हेक्टेयर को आबंटित कर दिया है। इस जगह पर लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड निर्माण के लिए 2 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए उपयुक्त जगह की खोज जारी थी। कलेक्टर अग्रवाल ने नए बस स्टैंड के लिए जगह की खोज को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करते हुए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

## सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा की कीमतों में की कटौती, भारत में अब सिर्फ 1,09,999 रुपये में उपलब्ध

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड ने अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन, गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा की नई कीमतों की घोषणा की है। गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा अब सीमित समय के ऑफर के तहत 12 सितंबर 2024 से सिर्फ 1,09,999 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि इसकी असली कीमत 1,29,999 रुपये थी। इस खास कीमत में 8000 रुपये का इंस्टेंट कैशबैक और 12,000 रुपये का अपग्रेड बोनस शामिल है। इसके अलावा, ग्राहक 12,000 रुपये का बैंक कैशबैक भी पा सकते हैं और 24 महीने की बिना ब्याज वाली ईएमआई का विकल्प भी चुन सकते हैं। गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा ने मोबाइल तकनीक के नए युग में कदम रखा है, जिससे ग्राहकों को गैलेक्सी एआई के साथ बहुत कुछ करने की सुविधा मिलती है। इस फोन ने बातचीत को एक नए तरीके से पेश किया है। अब फोन कॉल्स के दौरान लाइव अनुवाद किया जा सकता है, जिसमें दोनों तरफ की आवाज और टेक्स्ट का रियल-टाइम ट्रांसलेशन होता है। इंटरप्रेटर फीचर के जरिए, बातचीत को स्प्लिट-स्क्रीन पर तुरंत अनुवाद किया जा सकता है, और ये फीचर मैसेजेस और दूसरे ऐप्स पर बिना इंटरनेट के भी काम करता है। चैट असिस्ट फीचर, बातचीत के दौरान सही और समान स्वर बनाए रखने में मदद करता है। सैमसंग कीबोर्ड अब हिंदी समेत 13 भाषाओं में रियल-टाइम मैसेज ट्रांसलेट कर सकता है। सैमसंग नोट्स में 'नोट असिस्ट' की मदद से यूजर्स एआई-जनरेटेड समरी और प्रीमेड फॉर्मेट में नोट्स तैयार कर सकते हैं। वॉयस रिकॉर्डिंग के दौरान अगर कई लोग बोल रहे हों, तो 'ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट' फीचर उस रिकॉर्डिंग को ट्रांसक्राइब, समराइज और ट्रांसलेट करने के लिए एआई और स्पीच-टू-टेक्स्ट तकनीक का उपयोग करता है। इसके अलावा, गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा में गूगल के साथ 'सर्कल टू सर्च' फीचर भी शामिल है।

## कलर्स पेश करता है दुर्गा, समानता की सीमाओं को चुनौती देने वाली एक महान प्रेम गाथा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

जब सामाजिक बंटवारा किसी सपने देखने वाले मन को समाज की बेड़ियों में कैद करने की कोशिश करता है, तो 'मुझे हक है' की भावना हथौड़ा बनकर उन सामाजिक जंजीरों को तोड़ देती है और इन बाधाओं से ऊपर उठने के अधिकार को पुनः प्राप्त कर लेती है। कलर्स प्रस्तुत करता है 'दुर्गा', एक आदिवासी लड़की की प्रेरणादायक प्रेम गाथा जो मेडिकल की फील्ड करियर बनाने के लिए सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है, और राजवंशी उत्तराधिकारी अनुराग के लिए प्यार करती है, जबकि उसे शक्तिशाली आदिवासी महिला पानी बाई के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ता है। दुर्गा की भूमिका में प्रणाली राठौड़, पानी बाई के रूप में इंदिरा कृष्णन और अनुराग के किरदार आशय मिश्रा अभिनीत, और मैजिक मोमेंट्स मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित, 'दुर्गा' का प्रीमियर 16 सितंबर को होगा और हर दिन शाम 7.40 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। राजसी शहर जोधपुर पर आधारित, यह एक आदिवासी लड़की दुर्गा की कहानी है, जिसने एक साहसी सपना देखा हैः डॉक्टर बनने का। वह न केवल शरीर बल्कि समाज की बुनियादी मानसिकता को भी ठीक करना चाहती है, जिससे गहराई से प्रेरित होकर, वह मेडिकल फील्ड के परिवर्तनकारी सफेद कोट को पहनकर, सामाजिक भेदभावों को दूर करना चाहती है और अपने समुदाय के लिए उम्मीद की किरण बनना चाहती है। ऐसी दुनिया में जन्मी जहां नियति पत्थर की लकीर लगती है, दुर्गा ने अपना रास्ता खुद बनाने का साहस किया, और अपने समुदाय में व्याप्त भेदभाव की बुरी भावना को चुनौती देने के लिए दृढ़ संकल्प किया।

श्रुति स्पिनर्स लिमिटेड
CIN: 17111CT1994PLC008285
लाल कहदान पी.ओ. स्पिनिंग मिल्स बिलासपुर छत्तीसगढ़-49500
ईमेल: shrutispinners@gmall.com

वार्षिक आम बैठक की सूचना

कंपनी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") लालकहदान पी.ओ. स्पिनिंग मिल्स, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495007 में रविवार, 29 सितंबर, 2024 को सुबह 11.00 बजे (आईएसटी) कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम के लिए बुलाए गए नोटिस में निर्धारित व्यवसायों को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा, 5 सितंबर, 2024 को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के तहत पूर्वोक्त वार्षिक आम बैठक की सूचना, उसके अंतर्गत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के साथ, वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के साथ भेजने का काम पूरा कर लिया गया है और वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना के साथ सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग के लिए सूचना और निर्देश युक्त ई-मेल भेजे गए हैं, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास उपलब्ध हैं।

अधिनियम की धारा 108 के अनुपालन में, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ, ("नियम"), सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई-वोटिंग") का उपयोग करके एजीएम की सूचना में निर्धारित एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की जाती है।

बोर्ड ने कंपनी के सदस्यों को मतदान और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने की सुविधा प्रदान करने के लिए सुश्री नूपुर मिमानी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है।

सदस्यों के मतदान के अधिकार "कट-ऑफ तिथि" यानी शनिवार, 21 सितंबर, 2024 को कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनके द्वारा रखे गए इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे। एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और उक्त कट-ऑफ तिथि को बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से बैठक में मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि बुधवार, 25 सितंबर, 2024 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी। और शनिवार, 28 सितंबर, 2024 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगा। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिस व्यक्ति ने कट-ऑफ तिथि यानी शनिवार, 21 सितंबर, 2024 को शेयर खरीदे हैं और कंपनी का सदस्य बन गया है, उसे रिमोट-ई-वोटिंग या एजीएम में भाग लेने और एजीएम में मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने का अधिकार होगा।

कोई भी व्यक्ति जिसने एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद शेयर खरीदे हैं और कंपनी का सदस्य बन गया है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि सदस्य पहले से ही ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, तो वह रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

यदि आपके पास रिमोट ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है तो आप कंपनी के निदेशक श्री नव रतन सेवक से संपर्क कर सकते हैं, ई-मेल: shrutispinners@gmail.com, फोन: 033-2282 8152.

स्थान : बिलासपुर
दिनांक : 14/09/2024

श्रुति स्पिनर्स लिमिटेड के लिए
सुरजीत पाइन
प्रबंध निदेशक

# समितियों के आग्रह-निवेदन पर नहीं पिघला प्रशासन, झांकी में डीजे के लिए 'नो मिन्स नो'

## ध्वनि प्रदूषण पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, कहा - नियम न मानने पर सीधी कार्रवाई





पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

परंपरा की भव्यता की दुहाई देकर डीजे की अनुमति मांग रही विसर्जन झांकी निकालेन वाली समितियों के सामने सख्त प्रशासन नहीं पिघला। अब लगभग तय है कि संस्कारधानी में इस बार विसर्जन झांकिया पुराने तरीके से ही बगैर डीजे के ही निकलेंगी। कलेक्टर इस मामले में अपने फैसले पर बने हुए हैं और उन्होंने समितियों को डीजे के इस्तेमाल पर सीधे हिदायत दी है। बताया जा रहा है कि शनिवार की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि झांकी के दौरान किसी भी वाहन में गाने-बजाने के किसी सेटअप को अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा किए जाने पर उन्होंने कार्रवाई की बात कही है। इस फैसले के बाद समितियों के सदस्य मुंह लटकाए बाहर आए। विसर्जन झांकी में डीजे को शामिल किए जाने की मांग को लेकर समितियों की जिला प्रशासन के साथ बैठक में निराशा हाथ लगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि न्यायलयीन निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने भी आदेश जारी किए हैं। इस स्थिति में प्रशासनिक तौर पर डीजे के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जा सकती। जबकि समितियों के युवाओं ने इस दौरान आयोजन की भव्यता को इससे धक्का लगने की बात दोहराई। उन्होंने मांग रखी कि, गीत-संगीत के लिए डीजे को अनुमति दी जाए।

गौरतलब है कि, संस्कारधानी गणेशोत्सव पर्व की भव्यता के लिए ख्यात है। इस दौरान गणपति विसर्जन के लिए समितियां लाखों रुपए लगाकर झांकियां तैयार करती है। शहर में ही तकरीबन 28-30 झांकिया इस बार बनाई जा रही हैं। इन तैयारियों के बीच प्रशासन ने समितियों के साथ अपनी पहली ही बैठक में डीजे का इस्तेमाल न किए जाने की बात साफ कर दी थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का हवाला दिया गया था। इसके बाद कई दौर तक दोनों की बैठकें होती रहीं। डीजे संचालकों ने हड़ताल पर जाने का ऐलान भी किया। जबकि राज्य प्रशासन ने अलग अलग बिंदुओं पर निर्देश जारी करते हुए डीजे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी।

### रियायत देने से इंकार

बीते कुछ दिनों में झांकी निकालने वाली समितियों, डीजे संचालकों की प्रशासन के साथ लगातार बैठकें चल रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के 12-13 सितंबर को सीएम कांफ्रेंस में होने के बीच भी प्रशासनिक अधिकारियों ने समितियों से चर्चा में डीजे के इस्तेमाल को चर्चा की थी। शुक्रवार को तो समितियों के सदस्यों ने कलेक्टोरेट परिसर में ही बैठक के बाद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरु की थी। शनिवार को एक बार फिर दोनों पक्षों की बैठक हुई लेकिन प्रशासन ने किसी तरह की रियायत देने से इंकार कर दिया है।

### डीजे के खतरों से चेताया जा चुका है

पिछले कुछ वर्षों में डीजे का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके कानफोडूं साउंड और शरीर में कंपन पैदा करने वाला बेस आयोजन के आसपास के लोगों को भी प्रभावित करता है। विभिन्न विशेषज्ञों चिकित्सकों ने इस स्थिति को कान, दिल और मस्तिष्क के लिए खतरनाक बताया है। इससे ध्वनि प्रदूषण भी काफी ज्यादा होता है। इसके अलावा डीजे के साथ लेजर लाईट, पटाखों के अलग-अलग इस्तेमाल का प्रचलन भी भीड़ भाड़ वाले इलाकों में बड़े खतरे की आशंका को बल देता है। बीते कुछ सालों में डीजे ने विसर्जन झांकियों में अपनी जगह बनाई है जिससे पूरी रात ऐसी स्थिति बनती है। इसलिए शहरवासी भी डीजे के इस्तेमाल न किए जाने के पक्ष में हैं।

# पुलिस की ये कैसी जांच... गर्भपात कराने वाले डॉक्टर का एफआईआर में नाम ही नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ मानपुर/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोहला -मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के खडगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत किराए के मकान में निवासरत एक 21 वर्षीय युवती के गर्भपात कराने के बाद हालात मौत के दहलीज तक पहुंच जाने के मामले में खड़गांव थाना तथा मानपुर एसडीओपी मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में किये गये इस गंभीर प्रकरण के विवेचना में पुलिस ही दागदार हो रही है। गर्भपात के मामले में जेल में बंद प्रेमी की बड़ी बहन ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया है कि गर्भपात कराने वाले मुख्य आरोपी मानपुर निवासी डॉक्टर तपन मंडल का एफआईआर में नाम ही नहीं है। इस मामले में गर्भपात की घटना से पहले पुलिस जिस प्रेमी को मुख्य आरोपी बता रही है वह नाबालिग था। मामले में खडगांव पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। इधर इस प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रेमी की बहन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लड़की के मां-बाप ने ही गर्भपात करवाया है। डॉक्टर को बचाने पुलिस ने मनगढ़ंत कहानी रच कर निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि, खड़गांव थाना क्षेत्र के किराए के मकान में निवासरत अविवाहित 21 वर्षीय पीड़िता को बेहद गंभीर स्थिति में बालोद के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहीं इस मामले की कलई खुली। खुलासा होने पर खड़गांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने गर्भपात कराने वाले डॉक्टर को अब तक गिरफ्तार नहीं किया है और न ही संगीन मामले में एफआईआर में उक्त डाक्टर का उल्लेख है।

### पीड़िता के ही मां-बाप ने कराया गर्भपात

गर्भपात के मामले में जेल में बंद प्रेमी की बहन उमेश्वरी मारकंडे ने इस मामले में सामने आते हुए बताया कि उनके घर में किराएदार के रूप में रह रहे पीड़ित युवती का गर्भपात पीड़िता के ही मां-बाप द्वारा कराया गया है जिसके कहने पर तीन बार डॉक्टर तपन मंडल मानपुर से गांव पहुंचा और एक रात पीड़ित युवती के घर में रुका भी था।

### पीड़िता को परिजन ही लेकर गए बालोद

गर्भपात कराने के बाद कई दिनों तक बिस्तर में पड़े युवती की स्थिति बिगड़ने से पीड़िता गंभीर अवस्था में पहुंच गई युवती के पिता द्वारा झोलाछाप डॉक्टर तपन मंडल के भूमिका मे 3 सितंबर को एक गाड़ी बुकिंग कर गांव से पहले दल्ली राजहरा के शहीद अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे लेने से अस्पताल प्रबंधन ने मना कर दिया वहां से उसे जिला अस्पताल बालोद मे भर्ती कराया गया अगर इस मामले में उसका भाई लिप्त रहता तो वो खुद उस युवती को अस्पताल पहुंचाता।

# स्कूल के भीतर ही शिक्षकों ने प्रतिबंध के आदेश का माखौल उड़ाया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com


राष्ट्रगान का कथित तौर पर अपमान करने वाले मानपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्कूल प्रबंधन का एक और कारनामा सामने आया है। यहां जिले के कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश की धज्जियां उड़ते दिखी। दरअसल कलेक्टर ने हाल ही में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है कि जिसमें स्कूलों के आसपास 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल के भीतर ही स्कूल के जिम्मेदारों ने जमकर साउंड सिस्टम बजवाए और आदेश को तार तार कर दिया। दरअसल मानपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल यानी सेजेस में बीते 10 सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। बकायदा स्कूल परिसर में मंच सजाया गया। वहीं डांस, गीत समेत विविध कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया। इस दौरान यहां जमकर साउंड सिस्टम बजाया गया। कई तरह के गाने तेज आवाज में कार्यक्रम के दौरान चलाए गए। साउंड सिस्टम की आवाज भी ऐसी कि स्कूल के आस पास के मकान व बस्ती साउंड सिस्टम की आवाज से गूंज रहे थे।

### प्रतिबंधित है आसपास तेज लाउड स्पीकर

बीते 9 सितंबर को जिले के कलेक्टर ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विभिन्न संस्थानों समेत शिक्षण संस्थान के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। परीक्षा का हवाला देते हुए स्कूल के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र कलेक्टर ने घोषित किया है। इधर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के के अगले ही रोज आदेश का उल्लंघन कर स्कूल के आसपास नहीं बल्कि स्कूल परिसर के भीतर ही जिम्मेदारों ने जमकर लाउड स्पीकर बजवा दिया। अब इसमें किस पर क्या कार्यवाही होगी ये देखने वाली बात होगी।

### 5 दिन बाद ये कैसा शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस को 4 दिन बीत जाने के बाद पांचवे दिन ये कैसा शिक्षक दिवस जहां गाने, डांस के साथ तेज साउंड सिस्टम की आवाज में धूम धड़ाका हुआ। प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद नियम को ताक में रखकर शासकीय स्कूल में साउंड सिस्टम का उपयोग, और वो भी संविधान द्वारा नियत तिथि के 4 दिन बाद अन्य तिथि में, कहीं न कहीं स्कूल में शिक्षक दिवस का अर्थ व महत्व ही उक्त कार्यक्रम के बीच बदलता दिखा। वहीं नियम का उल्लंघन कर हुए इस कार्यक्रम से शिक्षक दिवस की गरिमा भी धूमिल होते नजर आई।



# टोल प्लाजा हटाए जाने हेतु शांति मार्च का किया गया सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com






विगत 11 सितंबर से समाजसेवी मुकेश तिवारी ने कुम्हारी टोल प्लाजा द्वारा वसूले जा रहे टैक्स के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ किया था। इस क्रम में प्रशासकीय अधिकारियों ने संज्ञान लेकर टोल प्लाजा के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया है, किंतु त्वरित किसी भी प्रकार की कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई, न ही कोई परिणाम मिला। इन्हीं सब बातों को लेकर सत्याग्रही मुकेश तिवारी ने शांति मार्च करने का निर्णय लिया, जिसे नगर के व्यापारी संघ, आम जन ही नहीं वरन दुर्ग जिले के नागरिकों ने भी अपना समर्थन प्रदान कर प्रातः 9:30 बजे शांति मार्च में निकले, यह शांति मार्च टोल प्लाजा से चलकर कैवल्यधाम चौक कांजी हाउस तक पहुंची और पुनः सत्याग्रह स्थ ल पर लौटकर आए मुख्य रूप से इस रैली में दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल रायपुर टाटीबंध से ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष बलविंदर सिंह पन्नू सम्मिलित हुए शांतिपूर्ण मार्च पूर्ण कर धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए बलविंदर सिंह पन्नू ने इस जनहित कार्य को आरंभ करने के लिए तैयार मुकेश तिवारी को साधुवाद देते हुए कहा कि हम समस्त ट्रांसपोर्टर इस आंदोलन का हृदय से खुलकर समर्थन करते हैं जब भी जैसी आवश्यकता हो प्रदेश के हम समस्त साथी आपके साथ हैं शांति मार्च की रूपरेखा तय कर्ता संजीव मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति अथवा राजनीतिक स्वार्थ हित साधने की नहीं वरन आमजन के कष्टों को दूर करने हेतु पवित्र उद्देश्य से युक्त आंदोलन है, हमें इस टूल को पूर्ण रूप से समाप्त कर जनधन की सुरक्षा करना है, अभी यदि ऐसा नहीं हुआ तो यह भविष्य में भी नहीं होगा ऐसा निश्चित है। उन्होंने कहा कि यह क्रम चलता रहेगा आगामी 15 सितंबर को और भी भव्य रूप में शांति मार्च का प्रदर्शन राष्ट्रीय राजमार्ग में वृहद रूप से किया जाएगा। संबोधन के इस क्रम में ज्ञानचंद पत्नी ने भी संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री द्वारा पूर्व में टोल प्लाजा से संबंधित की गई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि परिणाम शून्य ही है इसलिए यह एक सार्थक पाल है जिसे आम जनों को लाभ मिलेगा सत्याग्रह करता मुकेश तिवारी ने आए हुए समस्त साथियों का अभिवादन किया, धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि साथियों जिस प्रकार से हम पवित्र उद्देश्य को लेकर यह आंदोलन चला रहे हैं निश्चित ही इसमें हमारी जीत होगी। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ उन्होंने मौन व्रत धारण करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी संघ कुम्हारी चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष ऊर्जावान युवा अनुराग गुप्ता ने अत्यंत ओजस्वी और प्रभावशाली ढंग से करते हुए उपस्थित साथियों को उमंग और उत्साह से आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया तथा विशेष आग्रह करते हुए आगाह भी किया कि यह जनहित कार्य अत्यंत ही सादगी और शांतिपूर्ण ढंग से करते हुए लक्ष्य सिद्ध करना ही एकमात्र हमारा उद्देश्य है। प्रशासन द्वारा इस सत्याग्रह आंदोलन को समाप्त करने के लिए मुकेश तिवारी से चर्चा कर मानने का प्रयास किया गया मौन व्रत धारण करने एवं आमरण अनशन को लेकर 2:30 बजे दोपहर अनुविभागीय दंडाधिकारी भिलाई 3 पवन सिंह ठाकुर तथा थाना प्रभारी कुम्हारी जे आर कुर्रे द्वारा सदल बल मौन व्रत धारी सत्याग्रही मुकेश तिवारी को सत्याग्रह स्थल से चिकित्सा कराए जाने हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया।

# शासकीय संत गहिरा गुरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में राष्ट्रीय हिंदी दिवस बहुत धूम धाम से मनाया गया. राष्ट्र भाषा हिंदी के सम्मान में महाविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई. राजनीति विज्ञान की प्राध्यापक पूनम मानिकपुरी द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के आदर में चरणवन्दन स्वरुप सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया.. एनएसएस अधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा ने अपने स्वागत भाषण द्वारा सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत अभिनंदन किया. उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा ही नहीं अपितु एक भाव है जिससे सारा राष्ट्र जुड़ा है. हम सभी को एक साथ मिलकर हिंदी की लोकप्रियता को और अधिक बढ़ाना है.. राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने सुंदर एवं हृदय स्पर्शी भाषण से सभी का मन मोह लिया. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही बीएससी की छात्रा आराधना बाई द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष के पंकज यादव एवं तृतीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की साक्षी रानी कुजूर जिन्होंने बड़े ही सरल एवं सहज ढंग से हिंदी भाषा की लोकप्रियता एवं अनिवार्यता को अपने अनुभव के माध्यम से साझा किया. अनु रानी तथा ग्रुप के द्वारा हिंदी भाषा के सम्मान में एक दिल को छूने वाला गीत प्रस्तुत किया गया. तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉक्टर रश्मि प्रिया टोप्पो के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया डॉ रश्मि ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा सभी को इस तरह के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की सलाह दी. महाविद्यालय में कार्यरत पुस्तकालय विभाग की प्रभारी गीतांजलि शर्मा जिन्होंने हिंदी में एमए किया है महाविद्यालय द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण मिंज सहायक प्राध्यापक वाणिज्य करुणा खलखो सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र आस्था तिर्की सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान कश्यप जी अतिथि विद्वान समाजशास्त्र, रिंकू कुजूर सुरेंद्र पैकरा जगजीवन राम सुशील कुमार ललिता दीदी तथा सभी एन एस एस के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही.

स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CiTY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' की जशपुर जिले में हुई शुरूवात

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत् कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में "एक पेड मां के नाम" कार्यकम के साथ पूरे जिले में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान की शुरूवात हुई। स्वच्छता ही सेवा अभियान आज 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जावेगा। यह अभियान "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम पर आधारित है। विदित हो कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूवात 2014 में हुई थी, 2024 में इसके 10 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों के भागीदारी से विभिन्न कार्यकम आयोजित किया जाएगा जिसमें स्वच्छता चौपाल, सामुदायिक शौचालय की सफाई व सौन्दर्याकरण, स्वच्छता रैली, स्कूलों में निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्वच्छाग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पर्यटन स्थलों की साफ -सफई दफ्तर की शान 01 घण्टे का श्रमदान, बाजार-हाट की साफ -सफाई, स्वच्छता शपथ, तथा सी.टी.यू. (स्वच्छता लक्षित इकाई) की पहचान व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से "एक पेड मां के नाम" के तहत वृक्षारोपण किया जाना है।

# महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर सदस्यता अभियान की शुरूआत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




महिला कांग्रेस के 40 वें स्थापना दिवस पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित करने और महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान को लेकर राजीव भवन, शंकर नगर रायपुर में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी सुनीता सहरावत ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। 15 सितंबर 2024 को महिला कांग्रेस देशभर में अपना 40 वा स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसी के साथ ही कल दिनांक 15 सितंबर 2024 से महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान की शुरुआत कर रही है। यह सदस्यता अभियान पूरी तरह से ऑनलाइन होगा, इस सदस्यता अभियान में हर वर्ग की महिलाएं जुड़ सकती है। 100 रूपये की फीस ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद महिला 5 साल तक के लिए महिला कांग्रेस की सदस्य बन सकती है। फीस जमा करते ही हर महिला सदस्य को ऑनलाइन सदस्य होने का सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा, इस अभियान को भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के निर्देश में वार्ड, ब्लॉक, जिला, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश सभी जगह महिला कांग्रेस के द्वारा पहुंचाया जाएगा, इसी कड़ी में रविवार को छत्तीसगढ़ के हर जिले में एक ही समय पर दोपहर 12:00 बजे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में एक साथ महिला कांग्रेस के नए सदस्यता ऐप का भी शुभारंभ किया जाएगा। उक्त प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्रभारी शकुन डहरिया, महिला कांग्रेस की महासचिव एवं प्रवक्ता प्रगति वाजपेई, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस के महासचिव हाजरून बानो, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की कार्यालय प्रभारी एवं महासचिव अनुषा श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव गंगा यादव एवं जिला अध्यक्ष ममता राय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## मुख्यमंत्री जनदर्शन का मिला सीधा लाभ, किसानों को मिली बड़ी राहत

- 7 गावों के 7 सौ से अधिक किसानों के लिए 98 लाख 38 हजार रूपये जारी

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनदर्शन का सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। जनदर्शन में प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बलोदाबाजार जिला प्रशासन ओला वृष्टि से प्रभावित फसल क्षति हेतु सोनाखान क्षेत्र अंतर्गत 7 गावों के 772 किसानों के लिए 98 लाख 38 हजार 528 रूपये जारी किया है। जिसमें ग्राम सुखरी के 79, छतवन 174, देवगांव 44, गनौद 59, कुशगढ़ के 156 एवं कुशभाटा के 174 प्रभावित किसान शामिल है। उक्त सभी किसानों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम राशि तहसीलदार सोनाखान के द्वारा जमा करा दिया गया है। उक्त राशि मिलने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है की 2023 में ग्राम नगेड़ा के आसपास ग्रीष्मकालीन धान का फसल लगा हुआ था जो पूरी तरह से पक चुका था। मई माह में जोरदार ओलावृष्टि हुआ जिससे धान का फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसल के मुआवजा हेतु मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर को भी आवेदन बड़ी संख्या में किसानों द्वारा दिया गया था। उसी समय ओलावृष्टि हुए आस पास के गांवों में कलमीदादर, बानीखार, देवरी, नगेड़ी, सहित कुल 33 गांवों को मुआवजा मिल चुका था। पर अन्य गांवों का मुआवजा बचा हुआ था जिसे अब जारी किया गया है। आवेदको में शामिल नगेड़ा निवासी डीगेश पटेल ने कहा फसल क्षति से प्रभावित मेरे दादी एवं पिता जी के खाते में मुआवजा राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

# वर्ल्ड रेसलिंग पहलवान रिंकू सिंह ने भगवान शिवरीनारायण मंदिर में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

पावन पवित्र धर्म भूमि शिवरीनारायण मे भगवान श्री शिवरीनारायण जी का आशीर्वाद कृपादृष्टि और दर्शन पाने के लिए देशभर से श्रद्धालु वर्षभर शबरी की जन्मभूमि शिवरीनारायण आते हैं इसी तारतम्य में विगत दिनों वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेमेंट 22e में कई दिग्गजों को धूल चटाने वाले भारतीय पेशेवर पहलवान रिंकू सिंह राजपूत उर्फ वीर महान एक दिवसीय प्रवास पर शिवरीनारायण धाम पहुंचे पहुंचे। सबसे पहले रिंकू सिंह राजपूत उर्फ वीर महान जी ने नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर के संबंध मे जानकारी प्राप्त किया। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं.वीरेंद्र तिवारी भोगहा पं.हरीश तिवारी भोगहा ने वीर महान जी को पूजन कराया और मंदिर के बारे मे विस्तार से बताया। वीर महान ने बताया कि श्री शिवरीनारायण भगवान जी के ऊपर बहुत पहले से अगाध आस्था और श्रद्धा थी यहां आकर और बढ़ गया।रिंकू सिंह राजपूत उर्फ वीर महान जी ने श्री शिवरीनारायण भगवान जी का दर्शन पूजन किया इस दौरान उनके साथ श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. वीरेंद्र तिवारी भोगहा, पं. हरीश तिवारी भोगहा, आशीष तिवारी, समाजसेवी राजेश अग्रवाल, अभिनव तिवारी आनंद केशरवानी, अमित तिवारी मारुतिधाम रक्ष्वीर तिवारी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जघन्य हत्या के आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने केवट निषाद समाज के लोग कलेक्टर एवं एस पी से गुहार लगाने पहुंचे

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



केंवट निषाद समाज कसडोल ग्राम छरछेद थाना कसडोल तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार के केंवट (निषाद) परिवार के चार व्यक्तियो की हुई जघन्य हत्या के आरोपियो को सजा दिलाने एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये सहायता राशि प्रदान करने के लिए केंवट निषाद समाज केंद्रीय कमेटी शिवरीनारायण एवं जिला बलौदा बाजार क्षेत्र के वरिष्ठ जन कलेक्टर व एसपी से मिले जिला बलौदा बाजार के एसपी विजय अग्रवाल ने छरछेद में जघन्य दो महिला,एक पुरुष और एक दूध मुहा बच्चे के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी ऐसा आश्वासन दिया 27 तारीख को चालान पेश कर देंगे बोले छान बीन के लिए एसपी साहब ने एक टीम बनाने के लिए आदेश किए हैं । वही जिला के कलेक्टर दीपक सोनी ने मृतकों के परिवार के बच्चो की शिक्षा को लेकर कहा की जो भर्षक प्रयास हो करेंगे और जो नियम में होगा सहयोग राशि प्रदान करेंगे। इस अवसर पर गायत्री केवट प्रांतीय उपाध्यक्ष निषाद समाज कुलेश्वर निषाद अध्यक्ष कसडोल परिक्षेत्र डॉक्टर सनत केवट कोषाध्यक्ष केंद्रीय समिति शिवरीनारायण मन्नू निषाद पूर्व जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार धनेश कैवर्त्य उपाध्यक्ष केंद्रीय कमेटी बहरता कैवर्त्य संरक्षक, शिवरीनारायण धर्मेंद्र जलतारे भोला राम निषाद दीपचरण कैवर्त्य अजय कुमार कैवर्त्य, प्रवेश निषाद सभी समाज के आम जन मानस एवं वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

15 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email ID - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567







मानननीय प्रधानमंत्री

विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़

# महतारी वंदन योजना

## प्रतिमाह एक हज़ार रुपये के मान से साल में 12000 रुपये

छत्तीसगढ़ की 21 वर्ष से अधिक उम्र की
विवाहित, विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा
70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...




Samvad- 41327/1

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403